**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

लखनऊ से प्रकाशित

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

वर्षः 13 अंकः 217 लखनऊ, बुधवार 20 मार्च 2024 मूल्यः 02 रूपये पृष्ठ- 08

## भाजपा अकालीदल में गठबंधन, 22 मार्च की बैठक के बाद साफ हो जाएगी तस्वीर

एजेंसी।
नई दिल्ली अकाली दल के वरिष्ठ नेता और पार्टी महासचिव डॉ दलजीत सिंह चीमा ने भी पुष्टि की कि बैठक के दौरान चुनावी गठबंधन सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार–विमर्श किया जाएगा। चीमा ने गठबंधन की संभावना की ओर इशारा करते हुए कहा कि जब भी कोर कमेटी की बैठक होती है, तो सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाती है। पंजाब में राजनीतिक परिदृश्य एक बार फिर से हलचल मचा रहा है क्योंकि आगामी 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के बीच संभावित पुनरू गठबंधन की चर्चा फिर से



शुरू हो गई है। पंजाब की 13 लोकसभा सीटों के लिए 1 जून को मतदान होगा। घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए, वरिष्ठ भाजपा नेता और पार्टी प्रवक्ता एसएस चन्नी ने एक निजी मीडिया चौनल को बताया कि पंजाब में दोनों पार्टियों के बीच चर्चा चल रही है। चन्नी ने कहा कि गठबंधन पर अंतिम फैसला भाजपा आलाकमान द्वारा लिया जाएगा। बातचीत चल रही है। इसमें थोड़ा वक्त लगेगा। अकाली दल 22 मार्च को कोर कमेटी की बैठक करेगा। उनके निर्णय के बाद बीजेपी और शिअद के बीच औपचारिक बैठक होगी। शिरोमणि अकाली दल (ं।क) की कोर कमेटी की बैठक चंडीगढ़ में होगी।अकाली दल के वरिष्ठ नेता और पार्टी महासचिव डॉ दलजीत सिंह चीमा ने भी पुष्टि की कि बैठक के दौरान चुनावी गठबंधन सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार–विमर्श किया जाएगा। चीमा ने गठबंधन की संभावना की ओर इशारा करते हुए कहा कि जब भी कोर कमेटी की बैठक होती है, तो सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाती है। रणनीति के साथ–साथ देश और पंजाब की स्थिति पर भी चर्चा होगी। शिअद के करीबी सूत्रों ने यह भी खुलासा किया कि शुरुआत में पार्टी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी ढांचे और सिख कैदियों की रिहाई जैसे अनसुलझे मुद्दों के कारण

## मेरठ से अरुण गोविल, पीलीभीत से वरुण गांधी की जगह जितिन प्रसाद, यूपी में बीजेपी की तीसरी लिस्ट में इन नामों पर चर्चा

संवाददाता।
मेरठ सीट को लेकर रामायण के एक्टर अरुण गोविल के नाम की चर्चा है। इसके अलावा कैंट से विधायक अमित अग्रवाल भी टिकट की रेस में है। गाजियाबाद सीट से एक बार फिर से भाजपा वीके सिंह के नाम पर मोहर लगा सकती है। हालांकि अनिल अग्रवाल और अनिल जैन का भी नाम चर्चाओं में है।उत्तर प्रदेश को लेकर भाजपा ने अपने 51 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। इनमें से ज्यादातर को इस बार के चुनाव में भी रिपीट किया गया है। उत्तर प्रदेश की कुल 80 सीटों में से भाजपा ने अपने सहयोगी दलों को पांच सीटें दी हैं। ऐसे में बाकी की बची हुई सीटों को लेकर पार्टी में चर्चा जारी है। माना जा रहा



है कि उत्तर प्रदेश में जिन सीटों को लेकर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान होना है उनमें से कई का टिकट कट सकता है। सबसे ज्यादा चर्चा बृजभूषण शरण सिंह की है। वह काफी लंबे समय से विवादों में है। ऐसे में कैसरगंज लोकसभा सीट से उनकी पत्नी या बेटी को टिकट दिया जा सकता है। बाराबंकी से हाल में ही टिकट लौटाने वाले उपेंद्र रावत की जगह नया चेहरा भाजपा उतार सकती है। मेरठ सीट को लेकर रामायण के एक्टर अरुण गोविल के नाम की चर्चा है। इसके अलावा कैंट से विधायक अमित अग्रवाल भी टिकट की रेस में है। गाजियाबाद सीट से एक बार फिर से भाजपा वीके सिंह के नाम पर मोहर लगा सकती है। हालांकि अनिल अग्रवाल और अनिल जैन का भी नाम चर्चाओं में है। इलाहाबाद सीट से रीता बहुगुणा जोशी को इस बार टिकट मिलने की संभावना नहीं है। ऐसे में पूर्व नौकरशाह संजय मिश्रा और योगी सरकार में मंत्री नंद गोपाल नंदी की पत्नी अभिलाषा नंदी भी चर्चाओं में है। भाजपा के लिए लंबे समय से गाजीपुर सीट से चुनाव लड़ते आ रहे वर्तमान में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की जगह उनके बेटे अनुभव सिन्हा को टिकट दिया जा सकता है। गाजीपुर सीट हमेशा की तरह इस बार भी चर्चाओं में रहने वाला है। वही सुल्तानपुर से मेनका गांधी का टिकट कट सकता है। उनकी जगह सपा विधायक मनोज पांडे का नाम

## ईडी के समन के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट पहुंचे अरविंद केजरीवाल, दायर की याचिका

एजेंसी।
दिल्ली आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय की खंडपीठ बुधवार को बैठने वाली है। केजरीवाल की याचिका में ईडी द्वारा जारी समन की श्रृंखला को संबोधित करने के लिए न्यायिक हस्तक्षेप की मांग की गई है, जो चल रही कानूनी गाथा में एक महत्वपूर्ण विकास है।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले से संबंधित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सभी समन को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती देकर



अपना कानूनी बचाव बढ़ा दिया है। यह कदम केंद्रीय एजेंसी द्वारा उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल को कई समन जारी करने की लगातार कोशिशों के जवाब में उठाया गया है। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय की खंडपीठ बुधवार को बैठने वाली है। केजरीवाल की याचिका में ईडी द्वारा जारी समन की श्रृंखला को संबोधित करने के लिए न्यायिक हस्तक्षेप की मांग की गई है, जो चल रही कानूनी गाथा में एक महत्वपूर्ण विकास है। ईडी ने हाल ही में केजरीवाल को अपना नौवां समन जारी किया, जिससे उन्हें उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 21 मार्च को पूछताछ के लिए उपस्थित होने के लिए मजबूर किया गया। यह समन दिल्ली की एक अदालत द्वारा केजरीवाल को दी गई जमानत के बाद जारी किया गया था, जो पिछले आठ समन में से छह का पालन न करने पर ईडी द्वारा दायर शिकायतों के जवाब में जारी किया गया था। केजरीवाल की उपस्थिति को मजबूर करने के लिए, ईडी ने पहले मामले में जारी समन का पालन करने में विफल रहने के लिए उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग की थी, जो केंद्रीय एजेंसी और दिल्ली के सीएम के बीच बढ़ते कानूनी गतिरोध को उजागर करता है।दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर 'राजनीतिक हथियार' बनने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि उच्चतम न्यायालय ने एजेंसी के इस आरोप को खारिज कर दिया था कि बीआरएस नेता के. कविता अब समाप्त हो चुकी आबकारी नीति में लाभ के लिए आम आदमी पार्टी के नेताओं को 100 करोड़ रुपये का भुगतान करने में शामिल थीं। आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि ईडी का मकसद दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना है। तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी और विधान परिषद सदस्य कविता को ईडी ने पिछले सप्ताह उनके हैदराबाद स्थित आवास से गिरफ्तार कर लिया था और वह 23 मार्च तक एजेंसी की हिरासत में हैं।

## पशुपति पारस को किनारे कर चिराग पर बीजेपी ने क्यों जताया भरोसा, मोदी के हनुमान के जरिए तैयार हुआ बड़ा गेम प्लान

एजेंसी।
पटना बिहार जब भाजपा ने एनडीए की बैठक बुलाई थी, तब मोदी ने जिस तरीके से चिराग पासवान को गले लगाया था उसके बाद से ही सभी को इस बात का अंदाजा होने लगा था कि कहीं ना कहीं भाजपा का स्नेह चिराग पासवान के लिए अभी भी बरकरार है। इसके बाद वह लगातार हाजीपुर सीट पर अपना दावा ठोकते रहे। बिहार एनडीए में सीट बंटवारे के बाद राजनीतिक उठापटक के बीच चिराग पासवान का कद बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। बिहार में भाजपा 17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि जदयू को 16 सीटें दी गई हैं। वहीं चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा (रामविलास) के खाते में 5 सीटें गई है। यह कहीं ना कहीं चिराग पासवान के लिए बड़ी जीत मानी जा सकते हैं। चिराग के चाचा पशुपति पारस को गठबंधन में खाली हाथ रहना पड़ा। उन्हें एक भी सीट नहीं दी गई जिसके बाद उन्होंने मोदी कैबिनेट से अपना इस्तीफा भी दे दिया है। इसके बाद वह आगे की रणनीति के लिए पार्टी के नेताओं से चर्चा कर रहे हैं। हालांकि इस सीट बंटवारे से यह स्पष्ट हो गया कि कहीं ना कहीं भाजपा के लिए बिहार में चिराग पासवान ही लीड एक्टर है। ऐसे में सवाल यह है कि आखिर चिराग पासवान पर



भाजपा ने क्यों भरोसा दिखाया? जब चिराग पासवान की पार्टी का विभाजन हुआ तब भाजपा ने पशुपति पारस को मंत्री क्यों बनाया? अब भाजपा पशुपति पारस को किनारे क्यों कर रही है? इन सवालों का जवाब ढूंढने से पहले हम यह बता दें कि 2020 में रामविलास पासवान के निधन के बाद चिराग पासवान और पशुपति पारस के बीच दरारें पैदा हो गई थी। 2019 के चुनाव में रामविलास पार्टी के 6 सांसद जीते थे। इनमें से पांच सांसद पशुपति पारस के साथ खड़े रहे। चिराग पासवान पूरी तरीके से अलग–अलग पड़ गए थे। चुकी सांसदों की संख्या पशुपति पारस के साथ थी इसलिए भाजपा ने उन्हें ही मंत्री बनाया। लेकिन जमीनी स्तर पर चिराग पासवान ने अपनी लड़ाई जारी रखी। संकट के समय में भी चिराग पासवान एनडीए का हिस्सा ना होते हुए भी भाजपा के पक्ष में हमेशा खड़े रहे। फिर चिराग पासवान ने जन आशीर्वाद यात्रा निकाली जिसको अच्छा खासा समर्थन हासिल हुआ। इस यात्रा के जरिए चिराग ने यह बताने की कोशिश की कि वह ही अपने पिता रामविलास पासवान की राजनीति का असली उत्तराधिकारी हैं। चिराग पासवान लगातार खुद को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हनुमान बताते रहे। वह मोदी की तुलना भगवान राम से भी करते रहे। बीजेपी की किसी भी स्टैंड के साथ वह पूरी तरीके से मजबूती से खड़े रहे। जब भाजपा ने एनडीए की बैठक बुलाई थी, तब मोदी ने जिस तरीके से चिराग पासवान को गले लगाया था उसके बाद से ही सभी को इस बात का अंदाजा होने लगा था कि कहीं ना कहीं भाजपा का स्नेह चिराग पासवान के लिए अभी भी बरकरार है। इसके बाद वह लगातार हाजीपुर सीट पर अपना दावा ठोकते रहे। हाजीपुर रामविलास पासवान की कर्मभूमि रही है। ऐसे में 2019 में पशुपति पारस वहां से चुनाव जीतने में कामयाब हुए थे। हालांकि, 2024 में चिराग हर हाल में हाजीपुर सीट अपने पास रखना चाहते थे। भाजपा ने उनकी इस मांग को स्वीकार भी कर लिया। भाजपा को भी पता है कि रामविलास पासवान का जो कोर वोट है वह पशुपति पारस नहीं बल्कि चिराग पासवान के साथ है। पशुपति पारस की तुलना में चिराग पासवान जमीन पर मेहनत करते हैं। लोगों से मिलते जुलते हैं जिसकी वजह से भाजपा का उन पर भरोसा बना है। चिराग युवा भी हैं। यह भी कहा जाता है कि वह चिराग पासवान ही थे जिन्होंने रामविलास पासवान को एनडीए के साथ गठबंधन के लिए मनाया था। खुद रामविलास पासवान ने एक इंटरव्यू में इसका खुलासा किया था। रामविलास पासवान ने कहा था कि चिराग ने राहुल गांधी को 10 बार फोन किया था सीट बंटवारे को लेकर लेकिन कोई रिस्पांस नहीं आया था। इसी के बाद हमने यूपीए छोड़ने का फैसला किया था। एनडीए के साथ जाने में चिराग की अहम भूमिका रही है। बिहार की 6 सीटें एससी–एसटी के लिए रिजर्व हैं। इनमें हाजीपुर, समस्तीपुर, जमुई, गोपालगंज, सासाराम और गया की सीटें शामिल हैं। हाजीपुर, समस्तीपुर, जमुई चिराग को दी गई है। चिराग पासवान के पास खासा वोट बैंक है। चिराग के जरिए दलितों को साधने में मदद मिलेगी। इससे अन्य सीटों पर भी भाजपा को फायदा होगा।

## सपा ने मैनपुरी में निष्पक्ष चुनाव के लिए डीएम समेत कई अधिकारियों के तबादले की उठाई मांग

सपा ने मैनपुरी में निष्पक्ष चुनाव के लिए डीएम समेत कई अधिकारियों के तबादले की उठाई मांग

लखनऊ (आरएनएस )। समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर जनपद मैनपुरी के जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण, अपर जिलाधिकारी रामजी मिश्रा, उप जिलाधिकारी संध्या शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, क्षेत्राधिकारी करहल संतोष कुमार, इंस्पेक्टर करहल ललित भाटी, एसएसआई थाना किशनी मैनपुरी अंकित कुमार को तत्काल जनपद से बाहर स्थानांतरित करने की मांग की है।उन्होंने उपरोक्त पुलिस प्रशासन पर भाजपा एजेण्ट के रूप में काम करने का आरोप लगाया है। इस सम्बंध में समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल में के.के. श्रीवास्तव, डॉ0 हरिश्चन्द्र सिंह एवं राधेश्याम सिंह ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।ज्ञापन में भाजपा नेताओं के इशारे पर जनपद मैनपुरी में अतिरिक्त अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार प्रथम की नियुक्ति पर भी आपत्ति जताई गई है और उनके तत्काल स्थानांतरण की भी मांग की है। जनपद मैनपुरी में हमेशा एक ही अपर पुलिस अधीक्षक की तैनाती रही है परन्तु इस बार लोकसभा चुनाव प्रभावित करने की नीयत से अतिरिक्त अपर पुलिस अधीक्षक की नियुक्ति की गई है।

## न्याय यात्रा के समापन के साथ राहुल गांधी शक्तिहीन हो गए केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ(आरएनएस )। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि कड़वा सच यह है, कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के साथ राहुल गांधी श्शक्तिहीनश हो गए। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का लब्बोलुआब ढाक के तीन पात! उप मुख्यमंत्री ने श्एक्सश पर लिखा कि शक्ति स्वरूपा से शुंम्भु और निशुम्भु लड़े थे, उनका हश्र क्या हुआ, यह कांग्रेस के बहादुरशाह को पता होना चाहिए।केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा कि हमारी सरकार का प्रयास, हम गरीबी के खिलाफ युद्ध कर रहे हैं, हम गरीबी को परास्त करके के दम लेंगे, महिला सशक्तिकरण हमारी सरकार का संकल्प है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी डबल इंजन की सरकार बनी, इसलिए सभी काम अच्छे से हो रहे हैं! उन्होंने अपने संदेश के जरिए बताया है कि अब तक 34 लाख करोड़ रुपये लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजने का काम किया गया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश में हर वर्ग का विकास हो रहा है। 12 करोड़ लोगों को इज्जत घर (शौचालय) देने का काम किया गया है और आयुष्मान योजना से स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित हुई है, इसलिए अबकी बार 400 पार! फिर एकबार मोदी सरकार!विकसित भारत के लिए! तीसरी बड़ी इकॉनॉमी के लिए, किसान कल्याण के लिए, युवाओं को नए अवसर के लिए और महिला सशक्तिकरण के लिए... 400 पार।

## सत्येंद्र जैन के खिलाफ ईडी का मामला एक राजनीति षड्यंत्र है

एजेंसीं
दिल्ली ईडी ने जैन को कथित तौर पर उनसे जुड़ी चार कंपनियों के माध्यम से धनशोधन के आरोप में 30 मई, 2022 को गिरफ्तार किया था। आतिशी ने हालांकि,



दावा किया कि जब उनके खिलाफ यह मामला बनाया गया था तो जैन उस समय सीमा के दौरान न तो निदेशक थे और न ही मालिक थे जबकि उनकी पत्नी के पास नगण्य 'शेयर होल्डिंग' थी। नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पार्टी नेता सत्येन्द्र जैन के खिलाफ ध ानशोधन का मामला एक राजनीतिक साजिश है और दावा किया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अपराध से अर्जित कोई भी आय बरामद किये बिना हवाला ऑपरेटर के बयानों पर भरोसा कर रहा है। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से इस पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है। जैन को तब झटका लगा था जब उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को धनशोधन मामले में उनकी नियमित जमानत खारिज कर दी और कहा कि ईडी द्वारा यह दिखाने के लिए पर्याप्त सामग्री एकत्र की गई है कि वह अपने दो सहयोगियों के साथ कथित अपराध के लिए प्रथम दृष्टया दोषी हैं। दिल्ली की कैबिनेट मंत्री एवं आप नेता आतिशी ने एक बयान में कहा, कल, उच्चतम न्यायालय ने जैन को जमानत देने से इनकार करने का फैसला किया। हम उच्चतम न्यायालय और कानून की उचित प्रक्रिया का सम्मान करते हैं, लेकिन सम्मानपूर्वक शीर्ष अदालत के फैसले से असहमत हैं। जिस मामले में वह जेल में बंद हैं वह पूरी तरह से झूठा है। ईडी ने जैन को कथित तौर पर उनसे जुड़ी चार कंपनियों के माध्यम से धनशोधन के आरोप में 30 मई, 2022 को गिरफ्तार किया था। आतिशी ने हालांकि, दावा किया कि जब उनके खिलाफ यह मामला बनाया गया था तो जैन उस समय सीमा के दौरान न तो निदेशक थे और न ही मालिक थे जबकि उनकी पत्नी के पास नगण्य 'शेयर होल्डिंग' थी। उन्होंने दावा किया, ''तो, कानून के अनुसार, अगर कंपनी ने इस दौरान कोई निर्णय लिया था, तो जैन और उनके परिवार का कोई भी सदस्य कानूनी रूप से उत्तरदायी नहीं हो सकता। उन्हें एक कंपनी के फैसले के लिए गिरफ्तार किया गया है, जिसमें वह न तो निदेशक थे, न ही अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता थे और न ही शेयरधारक थे। वह कंपनी द्वारा लिए गए किसी भी निर्णय के लिए बिल्कुल भी जिम्मेदार नहीं थे।''
दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा कि जैन के खिलाफ आरोप पूरी तरह से कुछ कुख्यात हवाला ऑपरेटर द्वारा दिए गए बयानों पर आधारित थे।'' उन्होंने आरोप लगाया, विडंबना यह है कि ईडी ज्ञात हवाला ऑपरेटरों के माध्यम से बयान देता है, लेकिन जैन से अपराध से अर्जित आय का एक भी रुपया बरामद किए बिना। ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन ज्ञात हवाला ऑपरेटर अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं।

## उपेंद्र कुशवाहा की नाराजगी हुई दूर, बीजेपी के इस आफर को किया मंजूर

सूत्रों ने बताया कि रामबली चंद्रवंशी के सदस्यता खोने के बाद बिहार एमएलसी की एक सीट खाली थी। बैठक के बाद तावड़े ने ट्वीट किया कि यह पहले से ही तय था कि 1 लोकसभा सीट के साथ–साथ 1 विधान परिषद सीट, जो अब खाली है, आरएलएम को आवंटित की जाएगी। बिहार एनडीए में सीट–बंटवारे के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा नाराज बताए जा रहे हैं। उपेन्द्र कुशवाहा दो लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों पर अपनी दावेदारी ठोक रहे थे। हालांकि, उन्हें सिर्फ एक सीट दिया गया। अब बताया जा रहा है कि मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के साथ समझौता हो गया है। यह घटनाक्रम तब सामने आया है जब भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और बिहार के पार्टी प्रभारी विनोद तावड़े ने कुशवाहा से मुलाकात की और उनकी पार्टी को एक एमएलसी सीट की पेशकश की। सूत्रों ने बताया कि रामबली चंद्रवंशी के सदस्यता खोने के बाद बिहार एमएलसी की एक सीट खाली थी।

## वर्ल्ड हेड इन्जरी डे पर एसजीपीजीआई में होगी कार्यशाला

लखनऊ(आरएनएस )। संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के शारीरिक चिकित्सा और पुनर्वास विभाग द्वारा न्यूरोसर्जरी विभाग के सहयोग से एपेक्स ट्रामा सेंटर में 20 मार्च 2024 को विश्व सिर चोट दिवस के अवसर एक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रो अरुण श्रीवास्तव, चीफ एटीसी, डॉ. सिद्धार्थ राय, एसोसिएट प्रोफेसर, फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन और उनके अन्य डॉक्टरों और पैरामेडिक्स की टीम द्वारा सिर की चोट से पीड़ित मरीजों और उनकी देखभाल करने वालों के साथ चर्चा होगी।डॉ. सिद्धार्थ राय ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य सिर की चोट, उसके निदान और उपचार योजना के बारे में जागरूकता फैलाना है, जिसमें ऐसे रोगियों के पुनर्वास पर विशेष ध्यान दिया गया है। पुनर्वास चिकित्सा का उद्देश्य रोगियों को उनकी दैनिक गतिविधियों में यथासंभव स्वतंत्र बनाना और उन्हें जल्द से जल्द समाज में फिर से एकीकृत करना है।

## मुट्ठी में गोश्त' नाटक के सफल मंचन पर डीआरएम ने सराहा

लखनऊ(आरएनएस )। रेलवे बोर्ड (राजभाषा) के तत्वावधान में गत 12 मार्च से 15 मार्च 2024 तक उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण केंद्र ,उदयपुर में अखिल रेल हिन्दी नाट्योत्सव–2023 का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय रेलवे से आयी कुल बीस टीमों ने अपने–अपने नाटकों को प्रस्तुत किया। उक्त प्रतियोगिता में पूर्वोत्तर रेलवे के नाट्यदल का प्रतिनिधित्व, लखनऊ मण्डल टीम द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में गिरीश चंद्र पाण्डेय द्वारा लिखित नाटक मुट्ठी में गोश्त का मंचन और निर्देशन कृष्ण चंद्र दुबे द्वारा किया गया।

# भाजपा सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग किया – अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि देश की जनता लोकसभा चुनाव में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी भाजपा सरकार के अन्याय, अत्याचार के खिलाफ वोट करेगी। भाजपा सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग किया। ईडी, सीबीआई और इन्कम टैक्स के छापों के बल पर वसूली की। देश के इतिहास में इस तरह की वसूली कभी नहीं हुई। भाजपा ने लोकतंत्र को कमजोर किया है। संविधान विरोधी काम किया है। इलेक्टोरल बॉण्ड के मामले में देश भर में भाजपा की वसूली की पोल खुल चुकी है। चंदा के नाम पर वसूली हुई, पैकेज लिया गया। भाजपा के पास इसका कोई जवाब नहीं है।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने ईडी, सीबीआई और इन्कम टैक्स के जरिए विपक्षी दलों के नेताओं को प्रताड़ित किया। बदनाम किया। भाजपा में शामिल होने के लिए दबाव बनाया। पार्टियों को तोड़ने का काम किया। जनता सब देख रही है। लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा के खिलाफ खड़ी होगी। जनता ही देश में लोकतंत्र बचाएगी। भाजपा विपक्षी नेताओं पर दबाव बना कर पार्टी में तो शामिल करा सकती है लेकिन जनता को शामिल नहीं करा सकती है। अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं को सतर्क रहना होगा। पार्टी के नेता–कार्यकर्ता चुनाव में हर स्तर पर ध्यान रखे और निगरानी करें। भाजपा देश की हर संवैधानिक संस्था को कमजोर कर रही है। यह लोकसभा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। इस चुनाव में भाजपा को हराने से चूक गये तो जनता आने वाले समय में वोट नहीं डाल पायेगी। भाजपा जनता के अधिकार छीन रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने नौजवानों का भविष्य बर्बाद किया है। सरकारी विभागों में लाखों पद खाली है लेकिन नौकरियां नहीं दी। वर्षों से नौकरी के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र निराश और हताश है। भाजपा सरकार की नीयत युवाओं को नौकरी देने की नहीं है। भाजपा जानबूझ कर पेपर लीक कराती है। भाजपा सरकार के रहते युवाओं को न नौकरी मिलेगी और न आरक्षण मिलेगा। यही युवा, नौजवान लोकसभा चुनाव में भाजपा का सफाया कर देगा। कहा कि 69 हजार सहायक शिक्षक अपना आंदोलन स्थगित कर तमाम चुनाव क्षेत्रों में फैल जाएं और भाजपा सरकार को हटाने में जुट जाएं। भाजपा की सत्ता से बेदखली के बाद ही शिक्षकों की समस्याओं का समाधान होगा और नौजवानों की जिंदगी से अंधेरा छटेगा।

# फिजिक्स वाला पीडब्ल्यू ने लखनऊ के आलमबाग में लान्च किया अपना चौथा तकनीक–सक्षम आफलाइन विद्यापीठ सेंटर

लखनऊ, (आरएनएस)रू भारत के जानेमाने एड–टेक प्लेटफॉर्म फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) ने पूरे भारत में शैक्षिक सेंटर खोलने और छात्रों के लिए शिक्षा को और भी अधिक सुलभ करने की अपनी प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए लखनऊ के आलमबाग में एक तकनीक–सक्षम ऑफलाइन विद्यापीठ सेंटर खोला है। पीडब्ल्यू के पहले से ही लखनऊ के हजरतगंज, कपूरथला और गोमती नगर में तीन ऑफलाइन विद्यापीठ सेंटर थे। छात्रों की भरी मांग के चलते इन्होंने आलमबाग में अपना चौथा सेंटर खोला है। उत्तर प्रदेश के खाद्य और नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने शनिवार को पीडब्ल्यू के चीफ बिजनेस ऑफिसर (सीबीओ) इमरान राशिद के साथ आलमबाग विद्यापीठ सेंटर का उद्घाटन किया। इस सेंटर में 8 तकनीक–सक्षम कक्षाओं के साथ – साथ अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा है, जो एक बेहतरीन शिक्षण वातावरण बनाता है। इतना ही नहीं यह शानदार अध्ययन माहौल को बढ़ावा देते हुए एक स्व–अध्ययन स्थान भी देता है। इसके अलावा इसमें स्टूडेंट वेलफेयर सोसाइटी (एसडब्ल्यूएस) भी है, जो छात्रावास और परिवहन सुविधाओं के लिए हर संभव मदद देती है। इसमें एकेडमिक ईयर 2024 –2025 के लिए पहले नामांकन करने वाले छात्रों को 30ः की अतिरिक्त छूट दी जाएगी। पीडब्ल्यू ने पूरे भारत में लगभग 79 तकनीक–सक्षम विद्यापीठ सेंटर खोले हैं। यह पिछले दो सालों में तीसरे सबसे बड़े ऑफलाइन नेटवर्क के साथ सबसे तेजी से बढ़ती एडटेक कंपनी बनकर उभरी है, जो 2 लाख से भी ज्यादा छात्रों को अपनी सेवा दे रही है। ये सेंटर्स जेईईध् नीट के लिए एक व्यापक पाठ्यक्रम देते हैं। पीडब्ल्यू ऑफलाइन विद्यापीठ सेंटर रिकॉर्ड किए गए लेक्चर्स, एनसीईआरटी सामग्री के साथ सहायता, ऑफलाइन डाउट सॉल्विंग, वीडियो सॉल्यूशन के साथ डेली प्रैक्टिस प्रॉब्लम्स (डीपीपी), विशेष मॉड्यूल और पिछले वर्ष के प्रश्न (पीवाईक्यू) की सुविधाएं देते हैं। साथ ही इन सेंटर्स में स्टूडेंट सक्सेस टीम (एसएसटी) के लिए एक समर्पित डेस्क भी है, जिससे पीडब्लू छात्रों की चिंताओं का तुरन्त और व्यक्तिगत रूप से समाधान करने वाला एकमात्र केंद्र बन गया है। इसके अलावा यहां एक अभिभावक– शिक्षक डैशबोर्ड सिस्टम भी है, जो छात्र की प्रगति पर रियल टाइम अपडेट देता है। पीडब्ल्यू ऑफलाइन के सीईओ अंकित गुप्ता ने कहा, "हर एक ऑफलाइन सेंटर के लॉन्च के साथ हम पूरे भारत में शैक्षिक सेंटर बनाने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को अधिक सुलभ बनाने और माता–पिता पर वित्तीय बोझ कम करने के अपने दृष्टिकोण के लगभग बहुत करीब पहुंच गए हैं। ये केंद्र देश के शैक्षिक परिदृश्य को बदलने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

# हिन्दुत्व की बात करने वाली योगी सरकार में नहीं मिल रहा मंदिरों को उनका वर्षिक भत्ता– अजय राय

लखनऊ(आरएनएस)। इलाहाबाद उच्चन्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसले में चिन्ता जाहिर की है कि यह बहुत ही दुखद है कि मंदिरों को राज्य सरकार से अपना जायज हिस्सा लेने के लिए कोर्ट तक आना पड़ रहा है। ठाकुर रंगजी महाराज विराजमान मंदिर मथुरा द्वारा सरकार के खिलाफ किये गये मुकदमें में उन्होंने कहा कि 01 जनवरी 2020 से उनका वर्षिक भत्ता जो यूपी जमींदार उन्मूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम 1950 के सेक्शन 99 के तहत निर्धारित है नहीं मिला रहा है, इतना ही नहीं उनके साथ साथ वृन्दावन के अन्य 8 मंदिरों को वार्षिक भत्ता नहीं मिला है। मुकदमा सुन रहे मा0 न्यायमूर्ति ने सरकार की इस दलील पर आश्चर्य प्रकट किया कि मंदिरों को पैसा फंड की कमी की वजह से नहीं दिया गया।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री अजय राय ने कहा कि जिस प्रदेश में मंदिरों को उनका जायज हक न मिल पा रहा हो वह राम राज्य की बात करते हैं यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। अपने चुनावी एजेंडे का साधने के लिए मंदिरों का इस्तेमाल करने वाली योगी सरकार उनको उनका हक तक नहीं दे पा रही है। कहा कि पिछले चार साल से मंदिर प्रशासन अपना हक मांगने के लिए भटक रहा है और हर रोज हिंदुत्व का झंडा उठाने का दावा करने वाले योगी जी को मंदिरो के ही दुर्दशा की खबर नहीं है। यह झूठे लोग है और झूठी सरकार है। सच तो यह है कि यह किसी के नहीं है यह सिर्फ अपने फायदे के हैं। श्री राय ने कोर्ट का धन्यवाद देते हुए कहा कि इस विफल सरकार में कोर्ट ही एकमात्र सहारा रह गया है। उन्होंने योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि सभी मंदिरों का बकाया वार्षिक भत्ते का तत्काल प्रभाव से भुगतान कराया जाये।

# डालमिया सीमेंट ने आरसीएफ एक्सपर्ट के रूप में होम बिल्डर्स पर बढ़ाया फोकस, सुपरस्टार रणवीर सिंह को ब्रांड एम्बेसेडर बनाया

लखनऊ, (आरएनएस)रू घर के सबसे महत्वपूर्ण हिस्से यानी रूफ कॉलम फाउंडेशन (आरसीएफ) में सीमेंट के सही इस्तेमाल पर ग्राहकों का मार्गदर्शन और सहायता करने की जिम्मेदारी लेते हुए, डालमिया सीमेंट ने एक नई पहल की है। डालमिया सीमेंट अपने नए अभियान ष्आरसीएफ स्ट्रॉन्ग तो घर स्ट्रॉन्गष के साथ अपने ब्रांड फोकस में एक बड़ा बदलाव ला रहा है। नए ग्राहक–केंद्रित संदेश का उद्देश्य घर बनाने वालों और ठेकेदारों के बीच सही सीमेंट चुनने, इसका सही तरीके से इस्तेमाल करने और अपने सपनों का घर बनाने के लिए सबसे बेहतरीन निर्माण प्रणालियों का पालन करने के बारे में जागरूकता पैदा करना है।डालमिया सीमेंट को श्आरसीएफ एक्सपर्टश के तौर पर प्रस्ध्तुत करने वाले इस अभियान में सुपरस्ध्टार रणवीर सिंह नजर आयेंगे। इसे एक व्यापक मल्टीमीडिया अप्रोच के जरिए लॉन्च किया जाएगा जिसमें सुपरस्ध्टार रणवीर ब्रांड की तकनीकी जानकारी और अनूठी सेवा के संदेश को अधिक प्रभावी तरीके से फैलाने में सहयोग देंगे। इस अभियान को ष्आरसीएफ स्ट्रॉन्ग तो घर स्ट्रॉन्गष के स्ध्लोबन के जरिए आगे बढ़ाया जाएगा।इस पहल पर अपनी बात रखते हुए कंपनी के एमडी और सीईओ श्री पुनीत डालमिया ने कहा, "पिछले आठ दशकों की हमारी शानदार यात्रा के दौरान डालमिया सीमेंट हमारे देश को उसकी बुनियाद से बनाने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा है। कंपनी ने देश में तमाम नेशनल लैंडमार्क बनाने और लाखों लोगों के लिए खुशहाल घर का सपना पूरा करने में अपना अहम योगदान दिया है। व्यक्तिगत तौर पर हम अपने घरों को संजोते हैं जिनका हमारे जीवन में गहरा मूल्य और स्थान होता है। इस प्रकार, सीमेंट और तकनीकी विशेषज्ञता के सही इस्तेमाल के साथ ऐसी पीढ़ीगत संपत्ति का निर्माण न केवल घर की मजबूती सुनिश्चित करता है, बल्कि जीवन भर के निवेश का भी प्रतिनिधित्व करता है" ।सुपरस्टार रणवीर सिंह ने कंपनी के साथ अपने सहयोग के बारे में कहा, ष्मैंने 80 से अधिक वर्षों से निर्माण क्षेत्र में योगदान देने के लिए डालमिया सीमेंट की हमेशा प्रशंसा की है। मैं कंपनी से भागीदारी करके खुश हूं और घर के निर्माण में रूफ कॉलम और फाउंडेशन के महत्व की वकालत करता हूं। डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड के सीओओ श्री समीर नागपाल ने कहा "हमारा मानना है कि ब्रांड को उपभोक्ताओं के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए ताकि वे सही जानकारी पर आधारित विकल्प चुन सकें।

# पुलिस महानिदेशक द्वारा एनडीसी के उच्चाधिकारियों की टीम से शिष्टाचार भेंट

## पुलिस में आधुनिकीकरण पर दिया जा रहा जोर डीजीपी




लखनऊ(आरएनएस )। पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार द्वारा मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में प्रदेश भ्रमण पर आये राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय एनडीसी, रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली के सीनियर डायरेक्टिंग स्टाफ बिरेन्द्र कुमार सिंह (आईएफएस) के नेतृत्व में 16 उच्चाधिकारियों की टीम के साथ शिष्टाचार भेंट की गयी तथा मोमेन्टो प्रदान किया गया। राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (रक्षा मंत्रालय) नई दिल्ली से उच्चाधिकारियों की टीम के सदस्य जो राज्य से जुड़े आर्थिक और सामाजिक विकास, उद्योग, आईटी, पर्यटन, तथा शहरी एवं ग्रामीण विकास आदि विभिन्न पहलुओं के अध्ययन के लिए प्रदेश भ्रमण पर आये हुये है।पुलिस महानिदेशक द्वारा मुलाकात के दौरान अपने उद्बोधन में यूपी पुलिस के इतिहास के बारे में अवगत कराते हुये बताया गया कि उत्तर प्रदेश पुलिस को न केवल देश में बल्कि पूरे विश्व में सबसे बड़ा एकल पुलिस बल होने का गौरव प्राप्त है। अपराध नियन्त्रण एवं कानून–व्यवस्था के क्षेत्रों में राज्य पुलिस के प्रदर्शन की निरन्तर सराहना की गयी है तथा यूपी पुलिस ने साम्प्रदायिक एवं सामाजिक सद्भाव बनाये रखने की अपनी गौरवशाली परम्परा को कायम रखा है, ताकि लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा हो और राज्य का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।यूपी पुलिस द्वारा प्रशिक्षण में कम्प्यूटर, दूरसंचार, फॉरेन्सिक विज्ञान, नवीनतम संसाधन, आधुनिक हथियार एवं तकनीकी क्षेत्रों में आधुनिकीकरण पर जोर दिया जा रहा है। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन, अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना, अपर पुलिस महानिदेशक कार्मिक, अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## केजीएमयू में कटा हाथ के मामले में सुरक्षा कर्मियों पर गिरी गाज

लखनऊ(आरएनएस )। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय प्रशासन ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए दो सुरक्षा कर्मियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। मंगलवार को संस्थान प्रशासन ने कटा हाथ मामले में सख्त रूख दिखाकर सुरक्षा प्रदान करने वाली एजेंसी से जवाब मांगा है।बता दें कि बीते गुरूवार यानि 14 मार्च को हरदोई निवासी मरीज सुमित कुमार के परिजन कटा हाथ लेकर ट्रामा सेंटर पहुंचे थे जहां डॉक्टरों ने हाथ न जुड़ने की सलाह देने के साथ अन्य इलाज के लिए भर्ती कर लिया था । जिसमें मरीज के परिजन कटा हाथ स्ट्रेचर पर लेकर जा रहे थे किसी कार्य में उलझने के चलते परिजन व्यस्त हो गये,जब मरीज के परिजन वापस लौटे तो न स्ट्रेचर मिला और न कटा हुआ हाथ।कुत्ते द्वारा कटे हुए हाथ मुंह में दबाकर ले जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही संस्थान प्रशासन हरकत में आ गया और खोजबीन करना शुरू कर दिया जिस पर भारी मशक्कत के बाद हाथ को बरामद कर मरीज के परिजनों को सौंप दिया गया था। वहीं ऐसा मंजर देखकर मरीज और तीमारदारों में भय का माहौल बन गया था। जिसके चलते संस्थान प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए दो सुरक्षा गार्डो को लापरवाही के चलते सेवा समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया है।

# चौक में बनेगा कंट्रोल रूम, चाक–चौबंद हुई खाकी

## 22 मार्च को सड़कों पर निकलकर लेंगे सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



लखनऊ(आरएनएस )। होली त्योहार के अवसर पर लखनऊ में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, निकाले जाने वाली विभिन्न शोभायात्राओं के दृष्टिगत सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था तथा शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के क्रम में मंगलवार को संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था द्वारा नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, लेसा, सिस गोमती, नगर निगम जोन–6 एवं 2, जल संस्थान, नागरिक सुरक्षा संगठन, फायर स्टेशन के अधिकारियों व पुलिस उपायुक्त पश्चिमी, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात, सहायक पुलिस आयुक्त चौक बाजारखाला, सहायक पुलिस आयुक्त अभिसूचना के साथ गोष्ठी की गयी।जिसमें होली पर्व की तैयारियों के सम्बन्ध में विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। जेसीपी एलओ उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि होली पर्व के अवसर पर निकाली जाने वाली शोभायात्राओं के दृष्टिगत आवागमन के क्षतिग्रस्त मार्गों पर पैच वर्क कराये जाने, मार्ग में लगे पेड़ों की टहनियों को छटवाये जाने, मार्ग में खुले पड़े सीवर, चौम्बर मेन होल, क्षतिग्रस्त नालियों को ठीक कराये जाने तथा मार्गों की साफ सफाई तथा पीने योग्य पानी की समुचित व्यवस्था कराये जाने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया है। विद्युत विभाग के उपस्थित अधिकारियों से वार्ता कर शोभायात्राओं के आवागमन मार्ग में लटके हुए तथा अव्यवस्थित विद्युत तारों को ठीक कराने तथा मार्ग में स्थित विद्युत पोलों को भी चेक कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं ताकि करंट के प्रवाह के कारण किसी प्रकार की कोई भी दुर्घटना घटित न होने पाये।होली पर्व के अवसर पर जनपद लखनऊ में मुख्य रूप से तीन बड़ी शोभायात्राएं थाना क्षेत्र चौक व सआदतगंज के अंतर्गत विभिन्न मार्गों से होते हुए हाथी, बैण्ड बाजा सहित निकाली जाती हैं। इन शोभायात्राओं को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिये पर्याप्त पुलिस प्रबन्ध तथा इनके आवागमन मार्गों का निरीक्षण कर समस्त व्यवस्थायें सुनिश्चित किये जाने के लिए निर्देश दिये गये हैं। होली पर्व के अवसर पर निकलने वाली विभिन्न शोभायात्राओं एवं जुलूसों के दृष्टिगत सुगम एवं सुदृढ़ यातायात व्यवस्था हेतु पुख्ता डायवर्जन प्लान तैयार किये जाने के निर्देश दिये गये हैं ताकि यातायात जाम व किसी प्रकार की सड़क दुर्घटना घटित न होने पाये।थाना चौक में होली कण्ट्रोल रूम बनाया जायेगा, जिसमें पुलिस विभाग के साथ–साथ नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि विभागों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी जायेगी ताकि किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति में अपेक्षित सेवा तत्काल उपलब्ध हो सके। गोष्ठी में उपस्थित नागरिक सुरक्षा संगठन, लखनऊ के चीफ वार्डन द्वारा भी होली पर्व के समस्त कार्यक्रमों में अपने वॉलेंटियर्स के साथ उपस्थित रहकर पूर्ण सहयोग किये जाने का आश्वासन दिया गया। संयुक्त पुलिस

आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था, लखनऊ द्वारा स्वयं भ्रमण कर पर्व से सम्बन्धित सम्पूर्ण तैयारियों का जायजा दिनांक 22मार्च को लिया जायेगा, अतरू पुलिस तथा सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया गया कि समस्त तैयारियो समयान्तर्गत पूर्ण कर ली जायें।

# हाई लास फीडर नजफ इलाके मे एसडीओ ने किया निरीक्षण बिजली के पोल और आर्मड केबिल लगाने का चला कार्य



संवाददाता। लखनऊ।अपट्रान खण्ड के नूरबाड़ी उपकेंद्र में राजीव यादव ने कार्यवाहक उपखण्ड अधिकारी का पद ग्रहण करते ही बेहतर बिजली सेवा देने की बात मंगवार को सिद्ध कर दी।उपखण्ड अधिकारी राजीव यादव अपने अवर अभियन्ता राजेश सिंह वा दीपक कुमार के साथ हाई लॉस फीडर नजफ इलाके शीशे वाली गली पहुँच कर उन्होंने बिजली केबिल के मक्कड़जाल को उतरवा कर आर्मड केबिल स्थापित कराया।इतना ही नही बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के ख्याल से बिजली का पोल भी लगाया गया।जबकि काफी पतली गली में करीब 11 मीटर लंबा लोहे का पोल पहुँच पाना असम्भव था।।मौके की नजाकत को देखते हुए अवर अभियन्ता राजेश कुमार ने लोहे के पोल को दो भाग में कटवा दिया।तब पोल गली तक पहुँच सका।उसके बाद पुनःवेल्डिंग मशीन से जोड़ कर पोल लगाया जा सका।इस बीच कुछ उपभोक्ताओं ने विरोध किया।उन्हें भी अवर अभियन्ता ने समझा कर शांत भी कराया।इसी क्रम में पुराना चबूतरा के खरियाई मोहल्ला, रुस्तम नगर वा नूरबाड़ी में भी केबिल बदलने का कार्य चला।इस अभियान में कार्यदायी कम्पनी आर.डी.एस. एस. कर्मचारियों का नूरबाड़ी के निविदाकर्मी राशीद मिर्जा,हैदर, श्रीकांत,जयदीप आदि ने सहयोग किया।बताते चले अभी दो दिन पूर्व 2017 बैच के उपखण्ड अधिकारी राजीव यादव पूर्व उपखण्ड़ अधिकारी राहुल सिंह के बाद कार्यवाहक उपखण्ड अधिकारी नियुक्त किये गए हैं।

# मामा ने रिश्ते को किया कलंकित

## आत्महत्या को उकसाने की दर्ज कराई रिपोर्ट

मलिहाबाद, लखनऊ(आरएनएस )। अज्ञात कारणों के चलते किशोरी ने रिश्ते में मामा लगने वाले के अहाते में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। मृतका की मां ने अपनी मौसी सहित मौसेरे भाइयों पर आत्महत्या के लिये उकसाने का मुकदमा पंजीकृत कराया है।हरदोई जनपद के थाना अतरौली के ग्राम कठिघरा निवासिनी गंगादेई की मौसी मुन्नीदेवी रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम उतरेहटा में रहती है। जहां पढ़ाई के लिये गंगादेई की 22 वर्षीय पुत्री प्रीती कई वर्षों से रहती थी। प्रीती ने विगत 14 मार्च को घर के पास बनें अहाते में फंदे से लटककर अज्ञात कारणों के चलते आत्महत्या कर ली थी।मृतका की मां ने 18 मार्च सोमवार को दर्ज कराई गयी एफआईआर में आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री का प्रेम प्रसंग रिश्ते में मामा लगने वाले रामचन्द्र से था। जिसका विवाह 11 मार्च को हो गया था। जिसका उसकी पुत्री विरोध कर रही थी। जिसको लेकर रामचन्द्र की मां मुन्नीदेवी, रामचन्द्र का भाई विनय ने उसे अपशब्द कहकर आत्महत्या करने के लिये उकसाया था। जिसके चलते उसकी पुत्री ने आत्महत्या कर ली थी।

# नौरोज त्योहार को लेकर बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

## नौरोज त्योहार को लेकर बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

लखनऊ(आरएनएस )। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शिया मुस्लिम समुदाय द्वारा नौरोज का त्योहार 21 मार्च को मनाया जायेगा। इस त्योहार में शिया वर्ग के लोग रंग खेलकर खुशी मनाते है एवं मिठाईयां बांटी जाती है। उक्त कार्यक्रम प्रातरूकाल से लगभग 14.30 बजे तक चलता है। जिसके अवसर पर आवश्यकतानुसार यातायात डायवर्जन व्यवस्था निम्नानुसार किया जा सकता है।मेडिकल क्रास (चरक) चौराहे से सामान्य यातायात अकबरीगेट (मेफेयर) तिराहा, नक्खास तिराहे की ओर नहीं जा सकेगा बल्कि यह यातायात मेडिकल कालेज चौराहा या चौक, कोनेश्वर चौराहा होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा। नक्खास तिराहे से अकबरीगेट (मेफेयर), मेडिकल क्रास (चरक) चौराहे की ओर सामान्य यातायात नहीं जा सकेगा, बल्कि यह यातायात नादान महल रोड, रकाबगंज पुल होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा।टुड़ियागंज (बिल्लौचपुरा) तिराहे से सामान्य यातायात नक्खास तिराहा या गिरधारी सिंह इण्टर कालेज की ओर नहीं जा सकेगा बल्कि यह यातायात हैदरगंज (लालमाधव) होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा।

# गेट–2024 में प्रतीक अग्रवाल को ऑल इण्डिया 15वीं रैंक

लखनऊ, 19 मार्च। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस के मेधावी छात्र प्रतीक अग्रवाल ने देश के अत्यन्त प्रतिष्ठित ग्रेजुएट एप्टीट्यूट टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट–2024) में अखिल भारतीय 15वीं रैंक अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा का आयोजन इण्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में हुआ। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में उच्च सफलता के उपरान्त प्रतीक अब इंजीनियरिंग कालेजों में पोस्ट ग्रेजुएट की शिक्षा प्राप्त कर विज्ञान शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में अपने सपनों को साकार कर पायेगा। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. के इस मेधावी छात्र को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्रतीक ने इस सफलता का सम्पूर्ण श्रेय अपने माता–पिता के अलावा सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है।




प्रतीक ने आई.सी.एस.ई. (कक्षा–10) की बोर्ड परीक्षा सी.एम.एस. इन्दिरा नगर कैम्पस से 94.8 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण की जबकि आई.एस.सी. (कक्षा–12) की बोर्ड परीक्षा सी.एम.एस. महानगर कैम्पस से 95.75 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण की। इसके उपरान्त आई.आई.टी.–बी.एच.यू. से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक की डिग्री प्राप्त की। एक अनौपचारिक वार्ता में अपनी सफलता के बारे में बताते हुए प्रतीक ने कहा कि ''मैं बहुत भाग्यशाली हूँ कि मुझे सी.एम.एस. जैसे संस्थान में पढ़ाई का अवसर मिला। गणित हमेशा ही मेरा प्रिय विषय रहा है और सी.एम.एस. में मेरे शिक्षकों ने मेरी रुचि को पहचानकर उसी के अनुसार आगे बढ़ने को सदैव प्रेरित व प्रोत्साहित किया।

# सीताकुंड़ घाट पर नमामि गंगे के तहत चलाया गया स्वच्छता अभियान

सुल्तानपुर (आरएनएस)। बीते सोमवार को नामामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत सीताकुंड़ घाट पर राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के द्वारा प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग के निर्देशानुसार रेंजर आरके मौर्या, डिप्टी रेंजर डीके यादव व जिला परियोजना अधिकारी अभिनंदन प्रताप सिंह द्वारा गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में केशकुमारी व जीआईसी इंटर कॉलेज के छात्र और छात्राओं ने गंगा स्वच्छता पखवाड़ा चलाकर साफ–सफाई का संदेश दिया। उक्त अवसर पर छात्र व छात्राओं ने स्वच्छता पखवाड़ा मिशन पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोमती मित्र मंडल के अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह ने छात्र, छात्राओं को नमामि गंगे स्वच्छता अभियान पर विस्तार से बताया। साथ ही बच्चों को सम्मानित भी किया। सीताकुंड घाट पर मिशन स्वच्छता कार्यक्रम में अध्यापिका सीमा यादव, अतुल सिंह आदि मौजूद रहे।

# बैंक शाखा प्रबंधक की दबंगई से सेवानिवृत शिक्षक परेशान

## –शाखा प्रबंधक ने सेवा निवृत शिक्षक के बैंक खाते के संचालन पर लगा दी है रोक

मिल्कीपुर–अयोध्या (आरएनएस)। बडौदा यू पी बैंक शाखा पलिया लोहानी के शाखा प्रबंधक की दबंगई के चलते सेवानिवृत शिक्षक का परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। बैंक स्थित अपने खाते में प्राप्त पेंशन का भुगतान किए जाने के लिए 70 वर्षीय सेवानिवृत शिक्षक तहसील से लेकर बैंक के उच्च अधिकारियों की चौखट पर एड़ियां रगड़ रहा है, किंतु बैंक के उच्चाधिकारी से लेकर प्रशासनिक अधिकारी तक बैंक के शाखा प्रबंधक की हठधर्मिता के आगे बौने साबित हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 70 वर्षीय दल बहादुर सिंह सेवानिवृत शिक्षक है और उनका 40 वर्ष पुराना बैंक खाता बडौदा यूपी बैंक शाखा पलिया लोहानी हैरिंग्टनगंज में स्थित है। सेवानिवृत शिक्षक की पेंशन इसी बैंक खाते के माध्यम से प्राप्त होती है।



शिक्षक दल बहादुर सिंह का कहना है कि उन्होंने रनापुर निवासी विधवा महिला शिव कुमारी पत्नी स्वर्गीय जगजीवन द्वारा अपने खाते की नाव बीघा भूमि पर किसान क्रेडिट कार्ड बनवेट समय बैंक में खाता खुलवाया था, जिस पर उन्होंने शिवकुमारी की पहचान कर दी थी। उक्त महिला खातेदार का बैंक की ओर से दो लाख 49 हजार रुपए का किसान क्रेडिट कार्ड बनाया गया था। जिसमें से कृषक महिला द्वारा एक लाख 47 हजार रुपए आहरित कर लिया गया था। उक्त खाता अब एनपीए हो गया है, जो ब्याज सहित 3 लाख से ऊपर पहुंच चुका है। इस बीच बैंक के शाखा प्रबंधक अंकित श्रीवास्तव ने बीते नवंबर 2023 में शिक्षक दल बहादुर सिंह के बैंक खाते पर रोक लगा दी। नवंबर महीने से अब तक शिक्षक दल बहादुर सिंह को अपनी पेंशन के एवज में बैंक खाते से फूटी कौड़ी भी नहीं प्राप्त हो सकी। इसके बाद उन्होंने बैंक के उच्च अधिकारियों सहित संपूर्ण समाधान दिवस एवं एसडीम मिल्कीपुर से भी शिकायत कर कार्यवाही की गुहार की। सेवानिवृत शिक्षक का कहना है कि मेरे द्वारा शाखा प्रबंधक से कई बार अनुरोध किया गया कि खातेदार महिला के पास बैंक का ऋण अदा किए जाने हेतु पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। जिसकी नकल खतौनी ऋण पत्रावली में संलग्न भी है, उसकी नीलामी प्रक्रिया शुरू कराई जाए। किंतु प्रबंधक की दबंगई के आगे एक भी नहीं चल पा रही है। जिसका परिणाम है की सेवानिवृत्त शिक्षक वृद्धावस्था में अपनी बीमारी का इलाज भी नहीं करा पा रहा है और तो और शिक्षक का परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। बैंक शाखा प्रबंधक अंकित श्रीवास्तव का कहना है कि बैंक की ओर से विधिक प्रक्रिया के तहत कार्यवाही की गई है, मेरे द्वारा कोई जानबूझकर ऐसा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर से भी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# होली उमंग को न बनायें हुड़दंग डा. आलोक

## –हैप्पी हार्मोन की अधिकता बन सकती है उन्मादकता

अयोध्या (आरएनएस) । पर्व विशेष पर जन मानस के मस्तिस्क में खुशमिजाजी के हार्मोन एंडोर्फिन व सामाजिक मेल मिलाप वाले हार्मोन ऑक्सीटोसिन मे वृद्धि होती है।यह सक्रियता म्यूजिक व डांस आदि एक्टिविटी को प्रेरित करती है । यह स्वस्थ मन रंजन होता है परन्तु इस उत्साह के अतिरेक मे भी जाने की प्रबल संभावना होती है जिसके अमर्यादित, अश्लील व आक्रामक दुष्प्रभाव दिख सकते है। जिला चिकित्सालय के मनोरोग विभाग मे आयोजित होली पर्व जनित मनोअगवापन विषयक कार्यशाला मे यह बातें मनोपरामर्शदाता द्वय डॉ बी कुमार व आलोक मनदर्शन ने कही।व्यक्तित्व विकार व नशे की है अहम भूमिकारू इस मनोदशा की चपेट मे आने की सम्भावना उन किशोर व युवाओ मे प्रबल होती है जो पहले से ही बॉर्डर लाइन पर्सनालिटी डिसऑर्डर, पैरानॉयड पर्सनालिटी डिसऑर्डर,ऐंटी सोशल पर्सनालिटी डिसऑर्डर या अवसाद व उन्माद की मनोदशा से ग्रसित होते है।रही सही कसर नशे या मादक पदार्थो का सेवन पूरी कर देता है क्योंकि मादक पदार्थ मनोउत्तेजना के हार्मोन डोपामिन को बढ़ा सकतें है तथा मनोस्थिरता वाले हार्मोन सेरोटोनिन को कम करते है जो हुड़दंग व उन्माद के कृत्य का मनोरसायनिक आधार बन सकता है । साथ ही मनोउत्तेजक माहौल में कॉर्टिसाल व एड्रेनलिन न्यूरोट्रांसमीटर का अधिस्राव मूड एक्सेलेरेटर का कार्य करता है ।बचाव व उपचाररूपरिजन व अभिभावकों का अहम रोल है । अभिभावक रोल माडलिंग करते हुए पाल्य के व्यवहार पर पैनी नजर रखें तथा उनसे मैत्री पूर्ण सामंजस्य इस तरह बनाये कि पर्व जनित स्वस्थ आनन्द का सम्यक व्यक्तित विकास हो सके और विकृत समूह दबाव या परवर्टेड पीअर प्रेशर से निकलने का आत्मबल विकसित हो सके । यदि असामान्य व उद्दण्ड व्यवहार व नशा खोरी लगातार दिखे तो मनोपरामर्श अवश्य लें।

# रालोद के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष सुड्डू मिश्रा का हुआ स्वागत

अयोध्या (आरएनएस)। मंगलवार राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं ने किया नव नियुक्त राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेशनाथ मिश्रा (सुड्डू मिश्रा) का स्वागत। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष बलराम यादव ने किया कार्यक्रम में अवध जोन अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल मौजूद रहे यह जानकारी देते हुए जिला महासचिव रामशंकर वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने प्रदेश महासचिव रहे विश्वेशनाथ मिश्रा को पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते हुए उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय आनंद नगर गौहनिया चौराहा पर फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया स्वागत कार्यक्रम से अभीभूत सुड्डू मिश्र ने कहा कि जो पद हमको मिला है पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ उसका निर्वाहन करूंगा कार्यकर्ताओं के सुख दुरूख में हमेशा खड़ा रहूंगा।

# राजकीय संग्रहालय में हेलीकॉप्टर राइडिंग का शुभारंभ हुआ

झांसी! राजकीय संग्रहालय में अंतराष्ट्रीय स्तर की विभिन्न डिजिटल एवं थ्री डी तकनीकि के ऐतिहासिक जर्नल, रानी लक्ष्मीबाई के इतिहास से जुड़ी थ्री डी वीडियो एवं हेलीकॉप्टर राइडिंग आदि का मेयर बिहारीलाल आर्य ,झांसी सदर विधायक रवि शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम एवं बुन्देलखण्ड पर्यटन विकास एवं पुरातत्व सरंक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार तिवारी ने अवलोकन किया।



राजकीय संग्रहालय के उप निदेशक डॉ मनोज कुमार गौतम ने उपस्थित अतिथियों को अति आधुनिक दीर्घा के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि डिजिटल एवं थ्री डी तकनीकि से निर्मित यह दीर्घा देश की अति आधुनिक दीर्घा में से एक है। उन्होंने कहा कि हेलीकॉप्टर राइडिंग राजकीय संग्रहालय का नया आकर्षण होगा तथा यहां आकर लोग बुन्देलखण्ड की विरासत के विषय में विस्तार से जान सकेंगे अतिथियों ने डिजिटल हेलीकॉप्टर में बैठकर झांसी एवं आसपास के ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया।डॉ प्रदीप कुमार तिवारी ने कहा कि राजकीय संग्रहालय के नवीनीकरण से देशी विदेशी पर्यटक आकर्षित होंगे जिससे जिससे पर्यटन उद्योग में वृद्धि होगी राजकीय संग्रहालय के उपनिदेशक डॉ मनोज कुमार गौतम सभी का आभार व्यक्त किया

# पाक्सो कोर्ट ने छेड़खानी करने वाले को सुनाई सात साल की कैद

सुल्तानपुर। पॉक्सो कोर्ट ने छेड़खानी के मुकदमें का 8 महीने में जजमेंट करते हुए दोषी को 7 साल कैद की सजा सुनाई है। घटना कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है। विशेष लोक अभियोजक रमेश चंद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां ने 12 मई 2023 केस दर्ज कराया था। आरोप लगाया कि 8 मई 23 को वह अपने पति के साथ लंभुआ बाजार गई थी घर में आठ साल की बेटी अकेली थी। शाम करीब चार बजे पड़ोसी दिनेश घर में जा घुसा। वह बच्ची को बिस्किट–चॉकलेट देने के बहाने बहला–फुसला कर अपने घर ले जाने लगा। जब बच्ची ने उसके साथ जाने से इंकार कर दिया तो उसने जबरन ले जाने की कोशिश की। और जबरदस्ती बुरा काम करने का प्रयास किया। तब बच्ची रोते हुए चिल्लाने लगी। गुहार सुनकर आसपास के लोग आ गए तो दिनेश ने जान से मारने की धमकी दी। डायल 112 की पुलिस आई तो वह भाग गया। परिजनों के आने पर पीड़िता ने सारी बात बताई तो 12 मई 23 को एफआईआर दर्ज हुई। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया तभी से वह कारागार में निरुद्ध है। कोर्ट ने 27 जुलाई 23 को मामले का संज्ञान लिया और 8 के भीतर ही विचारण पूरा कर लिया।

# बाबा कृष्ण मोहन दास की 15वीं पुण्यतिथि पर संतों ने अर्पित की पुष्पांजलि

अयोध्या (आरएनएस)। बाबा कृष्णमोहन दास आश्रम चंद्रद्वितेश्वर नाथ महादेव मंदिर, रामघाट संस्थापक व अखिल भारत हिंदू महासभा संत प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत कृष्णमोहन दास महाराज को संतों ने भावपूर्ण ढंग से याद किया। मौका था उनके 15वीं पुण्यतिथि महोत्सव का। मंगलवार को मंदिर में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। सभा में रामनगरी के संत–महंत, विशिष्टजनों व हिंदू महासभाइयों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर आश्रम के वर्तमान पीठाधीश्वर महंत रवींद्र दास ने कहा कि उनके गुरूदेव बाबा कृष्णमोहन दास महाराज विलक्षण प्रतिभा के धनी संत थे। जो गौ एवं संत सेवी रहे। जिन्होंने अयोध्याधाम में एक विशाल आश्रम की स्थापना कर उसका कार्यभार संभाला। वह हिंदू महासभा संत प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। पूरे देश में घूम–घूमकर हिंदू महासभा का प्रचार–प्रसार किया। संगठन से काफी नामी–गिरामी संतों को भी जोड़ा। हिंदू महासभा को मजबूती प्रदान करने का काम किया। आजीवन संगठन के प्रति समर्पित रहे। पूरी ईमानदारी के साथ हिंदू महासभा में काम किया। पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। हिंदू महासभा के प्रवक्ता एवं सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी मनीष पांडेय ने कहा कि महाराजश्री द्वारा हिंदू महासभा के प्रति किए गए योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता है। उन्होंने संगठन से सभी को जोड़ा। उन्हीं की देन है कि आज हिंदू महासभा पूरे देश में मजबूती के साथ खड़ी है। इससे पहले आचार्य पंडित करूणानिधान गर्ग के नेतृत्व में सुबह ठाकुरजी का व गुरूदेव का पूजन–अर्चन किया गया। उसके बाद संगीतमय सुंदरकांड का पाठ हुआ। तत्पश्चात फल–मिष्ठान एवं विविध पकवानों का भोग लगाकर भगवान की महाआरती आरती उतारी गई। पुण्यतिथि पर काफी संख्या में संत–महंत, भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया। महंत रवींद्र दास महाराज द्वारा संत–महंत और विशिष्टजनों का स्वागत–सत्कार किया गया। इस अवसर पर, श्रद्धांजलि देने वालों में मणिरामदास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास, जगद्गुरु परमहंसाचार्य, रामहर्षण कुंज के महंत अयोध्या दास, हिंदू महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष राजन बाबा, हनुमानगढ़ी सरपंच रामकुमार दास, नागा नंदराम, आचार्य करूणानिधान गर्ग, आचार्य लक्ष्मण शास्त्री, नागा कल्लू दास, रामदास दयालु, ब्रजनंदन सिंह, गणेश, दिवाकर तिवारी, अभयकुमार शर्मा, कौशल सिंह, जासो देवी, नरेंद्र, चंद्रहास दीक्षित, सुरेंद्र मौर्या, सिस्टम बाबा, अशोक मिश्रा, अश्विनी पांडेय आदि रहे

# सी.एम.एस. ने अपने मेधावी छात्रों का किया सम्मान

लखनऊ, 19 मार्च। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस, इन्दिरा नगर द्वितीय कैम्पस एवं राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के मेधावी छात्रों को आज 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स में तीनों कैम्पसों के 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' में उन मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने वर्ष भर विभिन्न राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं, साँस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं वार्षिक परीक्षा में टॉप कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।सी.एम.एस. चौक कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का आयोजन सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया गया। मुख्य अतिथि श्री दानिश आजाद अंसारी, राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, उ.प्र. ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर बोलते हुए श्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि यदि हम छात्रों में प्रारम्भ से अच्छे विचारों का बढ़ावा देंगे तो उनमें मानवीय गुणों के विकास के साथ ही बुद्धिमत्ता व ज्ञान में वृद्धि होगी। इस अवसर पर सी.एम.एस. चौक कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती अदिति शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सी.एम.एस. इन्दिरा नगर द्वितीय कैम्पस (यूनाईटेड वर्ल्ड कैम्पस) द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का आयोजन सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम में किया गया। समारोह का शुभारम्भ सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने दीप प्रज्वलित कर किया। अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रो. किंगडन ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य के लिए उसके अंदर छिपी शक्तियों तथा क्षमताओं को विकसित करना है। इस अवसर पर बोलते हुए प्रधानाचार्या श्रीमती निशा पाण्डेय ने कहा कि छात्रों को भौतिक व सामाजिक शिक्षा प्रदान करने के साथ ही उनका चरित्र निर्माण भी बहुत आवश्यक है। सी.एम.एस. अपने छात्रों को व्यापक तथा समाजोपयोगी ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित करता है, जिससे ये छात्र आगे चलकर विश्व समाज का कल्याण कर सकें।



# संस्था द्वारा रंगोत्सव महापर्व ब्रज -होली मिलन समारोह अंतर्गत

झाँसी! सामाजिक संस्था नव–प्रभात के तत्वाधान में महानगर महिला प्रकोष्ठ ष्कृतिष्ठ द्वारा सभी आयु वर्ग की महिलाओं लड़कियों को सशक्त व स्वाबलंबी बनाये जाने के उद्देश्य से नारी अंतर्मन की रचनात्मक ध् सृजनात्मक प्रतिभाओं का सर्वोत्कृष्ट विकास करने में



सहयोगी महिला सदस्यों के आनंद–उल्लास– मनोरंजन समूह ग्रुप ष्कृतिष्फ्रेंडस क्रिएटिविटी क्लब की महिला सदस्यों द्वारा रंगोत्सव महापर्व ब्रज–होली मिलन समारोह अंतर्गत पुष्प चंदन की बहार संग आत्मिक रंगों की फुहार आनंद उत्सव के शुभ अवसर पर एकदिवसीय नारी सशक्तिकरण संकल्प संग आनंदोत्सव कार्यशाला का आयोजन वृंदावन लाल वर्मा पार्क, झांसी में किया गयाआनंदोत्सव कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संस्था महिला प्रकोष्ठ ष्कृतिष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपम अग्रवाल उपस्थित रहीं आनंद उत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था महासचिव प्रिया अवस्थी ने कीआनंद उत्सव में उपस्थित सभी सखियों ने रंगो के महापर्व होली– रंग पंचमी की पावन बेला पर आयोजित आनंदोत्सव अंतर्गत सखी नीलम शर्मा ने (श्री कृष्णा),सखी दीपा अहिरवार ने (राधा– रानी) एवम अन्य सभी सखियों ने गोपियों के स्वरूप मे ब्रज–रासलीला व होली का आनंदमई उत्साह,उमंग उल्लास,आनंद से परिपूर्ण बुंदेली लोकगीत, गाने , श्रृंगार भाव प्रेरणा स्लोगन् , नृत्य ,हास्य व्यंग एवं खेलकूद के माध्यम से मनोरंजक वातावरण समायोजित कर स्वयं के अंतर्मन में छुपी हुई प्रसन्नता को सभी सखियों के सानिध्य में हंसी खुशी एवं आत्मिक खुशियों के रूप में महसूस किया।

# कृष्ण लीला सब जानते है मगर लीला के रहस्य को कोई नहीं जानता - स्वामी अद्वैतानंद

झांसी! चिन्मय मिशन झांसी के ज्ञान यज्ञ का आज सिद्धेश्वर मंदिर प्रांगण में सत्संग के कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी अद्वैतानंद जी, आचार्य हरि ओम पाठक, अनुराधा शर्मा, अध्यक्ष प्रमोद गुलाटी, सचिव ईव मुकेश गुप्ता, पी एन गुप्ता, हरीश अग्रवाल, रजनी गुप्ता द्वारा किया गया। मुख्य प्रवचन कर्ता स्वामी अद्वैतानंद जी ने भागवतम कृष्ण लीला रहस्य समझाते हुए कहा कृष्ण लीला सब जानते है मगर लीला के रहस्य को नहीं जानते। यह अत्यंत महत्वपूर्ण गूढ़ सूत्र है। इसी की चर्चा 5 दिवसीय चिन्मय ज्ञान यज्ञ में होगी। उन्होंने सनातन वेद, पुराण, इतिहास ग्रंथ, उपनिषद आदि का भेद विस्तार से बताया। भागवत जी भगवान की जीवित प्रतिमूर्ति है। जो भागवत का श्रवण करते है वो ईश्वर से जुड़ जाते हैं। इस अवसर पर



ब्रहमचारी राघवेंद्र चौतन्य ने बताया ज्ञान यज्ञ में कल सुबह भगवान शंकराचार्य के रचित प्रकरण ग्रंथ दृग दृश्य विवेक के ध्यान प्रकरण पर प्रवचन होगा। गुरुदेव आरती में श्रीमती शीला गुप्ता, नुपुर श्रीवास्तव, आरपी गुप्ता, एमएल सिरोठिया, डा पद्मा गुलाटी, आरके धवन, आरसी गुप्ता, विनोद सेठ, रजनी गुप्ता आदि शामिल रहे। इस ज्ञान अमृत का लाभ लेने हेतु आज 300 से अधिक साधकों से साथ श्रीमती कांति, प्रेमलता गुप्ता, मेघना गुप्ता, प्रेमलता अत्रि, गोपाल गोयल, एससी अत्रि, कृष्णा सक्सेना, वीके सेठ, एमएल सिरोठिया, एसपी गुप्ता, एसएन गुप्ता, चंदा अरोड़ा, विनय गुप्ता, चंद्रिका प्रसाद त्रिपाठी आदि साधक उपस्थित रहे। सभी साधकों के लिए मधुर प्रसाद प्रायोजक वंदना स्वीट्स की ओर से किया गया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण चिन्मय मिशन नासिक ने किया। चिन्मय मिशन सचिव ईव मुकेश गुप्ता ने संचालन और सबका आभार व्यक्त किया गया।

# बेसिक विद्यालय भी अब प्राइवेट स्कूल से कम नहीं

झाँसी द्य बड़ागाँव विकासखण्ड के गौरारी के प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष जयहिन्द राजपूत की अध्यक्षता व बी0डी0सी0 गौरीशंकर कुशवाहा, प्रमोद राजपूत , रवींद्र राजपूत के विशिष्ट आतिथ्य में बड़े ही हर्षोल्लास



से मनाया गया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम से ग्राम वासियों का मन मोह लिया।गाँव के बेसिक विद्यालय में इस तरह के आयोजन को देखकर ग्रामवासी तथा बच्चे बेहद प्रसन्न नजर आये इस अवसर पर सभी शिक्षकों व अतिथियों ने बच्चों को शुभाशीष देते हुए अपने जीवन में शिक्षा के महत्व को समझाते हुए अध्ययन करने पर जोर देने को तथा अनुशासित तरीके से विद्याध्ययन करने को कहा।विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बच्चों से कहा कि वो इस विद्यालय से निकल कर जहां भी विद्याध्ययन करें वहाँ पर अपने अनुशासित व्यवहार व पढ़ाई में आगे रहकर इस विद्यालय का नाम रोशन करेंबी0डी0सी0 गौरीशंकर कुशवाहा ने भी बच्चों से कहा कि वो आगे जाकर अपने परिवार व अपने शिक्षकों का नाम रोशन करें वो ये सिर्फ कठिन मेहनत से ही प्राप्त करें इसके लिए कोई भी छोटा रास्ता न अपनाएं ।
इस अवसर पर विद्यालय में कक्षा 5 के बच्चों के लिए विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया एवम विद्यालय को निपुण घोषित होने पर विद्यालय के सभी बच्चों को पुरस्कार स्वरूप कॉपी एवं पेन देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर ग्राम के सम्मानित नागरिक,विद्यालय का समस्त स्टॉफ एवम विनोद त्रिपाठी स0अ0 पूर्व माध्यमिक विद्यालय गौरारी उपस्थित रहे।संचालन सनद कुमार नायक शि0मि0 व आभार महावीर शरण प्रधानाध्यापक ने व्यक्त किया।

# संपादकीय

## कठघरे में है सरकार

अगर लगे आरोपों को साक्ष्यों के जरिए साबित कर दिया जाता है, तो फिर इलेक्ट्रॉल बॉन्ड योजना की छवि आजाद भारत में हुए एक बड़े राजनीतिक घोटाले के रूप में बनेगी। क्या इस प्रकरण की विशेष एवं पूरी जांच जरूरी नहीं है? इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स के मुद्दे ने भारतीय लोकतंत्र की साख पर ऐसा ग्रहण लगाया है, जिसकी छाया से उबरना आसान नहीं होगा। अब यह बात बेहिचक कही जा सकती है कि चुनावी चंदे की यह योजना शुरुआत से ही बदनीयती से प्रेरित थी। मकसद चुनावी चंदे पर मोटा परदा डालना था। वैसे सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर भारतीय स्टेट बैंक ने जो जानकारियां सौंपी हैं, उससे बात सिर्फ यहीं तक नहीं रह गई है। बल्कि उससे कई बुनियादी सवाल उठे हैं। जब तक इन प्रश्नों पर स्थिति स्पष्ट नहीं होती, यह धारणा पुख्ता बनी रहेगी कि स्वार्थी और अवांछित ताकतें धन–बल के जरिए सत्ताधारी दलों एवं राजनेताओं को साध कर अपना उल्लू सीधा कर रही हैं। सबसे परेशानी वाली बात यह सामने आई है कि कथित खोखा (शेल) कंपनियां सियासी चंदा दे रही हैं और पार्टियां उन्हें स्वीकार भी कर रही हैं। कई ऐसी कंपनियां बेनकाब हुई हैं, जिन्हें एक वित्त वर्ष में जितना मुनाफा हुआ, उससे छह गुना से भी ज्यादा रकम उन्होंने चंदा दिया।तो सवाल उठा है क्या सियासी चंदा देने के लिए ही कुछ बड़े कॉरपोरेट घरानों ने ऐसी कंपनियां बनाईं? यह पहलू इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है कि इनमें से कई कंपनियों की स्थापना इलेक्ट्रॉल बॉन्ड योजना लागू होने के बाद हुई। एक अन्य मुद्दा चंदे के बदले लाभ पहुंचाए जाने और भयादोहन के बदले चंदा उगाहने के आरोप से संबंधित है। चूंकि स्टेट बैंक ने अभी तक यूनिक कोड उपलब्ध नहीं करवाए हैं, इसलिए ठोस रूप से यह दिखा पाना अभी संभव नहीं है कि किस कंपनी ने कब किस पार्टी को कितना चंदा दिया। मगर आकलन के आधार पर विशेषज्ञों ने इस तरफ इशारा किया है कि ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई के शुरू होने तुरंत बाद कुछ कंपनियों ने इलेक्ट्रॉल बॉन्ड खरीदे। उधर कुछ कंपनियों को इस माध्यम से चंदा देने के कुछ समय बाद परियोजनाओं के बड़े ठेके मिले। अगर यह रिश्ता साक्ष्यों के साथ स्थापित कर दिया जाता है, तो फिर इलेक्ट्रॉल बॉन्ड योजना की छवि आजाद भारत में हुए एक बड़े राजनीतिक घोटाले के रूप में बनेगी। क्या इस प्रकरण की पूरी जांच जरूरी नहीं है?

## मैराथन चुनाव कार्यक्रम

चुनाव कार्यक्रम को देखकर अगर मैराथन दौड़ की याद आती हो, यह कहा जाएगा कि इसमें अंत तक टिके रहने के लिए आर्थिक संसाधन, टिकाऊ चुनाव मशीनरी और अपने चुनावी नैरेटिव को आकर्षक बनाए रखने की क्षमता पूर्व शर्त बन जाती हैं। लोकसभा के आम चुनाव के कार्यक्रम की खबर एक विदेशी अखबार ने इस शीर्षक के साथ प्रकाशित की है– भारत में मैराथन चुनाव कार्यक्रम का एलान। एथलेटिक्स की दुनिया में कहा जाता है कि मैराथन दौड़ में शामिल होने के लिए शारीरिक बल, अंतर्शक्ति, टिकाऊ ऊर्जा एवं गहरे धीरज की जरूरत होती है। जिन धावकों में ये गुण ना हों, वे 42.195 किलोमीटर की इस प्रतिस्पर्धा में सफल नहीं हो सकते। भारत के चुनाव कार्यक्रम को देखकर अगर इस दौड़ की याद आती हो, यह भी सहज ही कहा जाएगा कि इसमें अंत तक टिके रहने के लिए कई खास पहलू अनिवार्य हो जाते हैं। आर्थिक संसाधन, लंबे समय तक सक्रिय रह सकने वाली चुनाव मशीनरी और अपने चुनावी नैरेटिव को आकर्षक बनाए रखने की क्षमता इनमें शामिल हैं। चुनावी चंदे और प्रचार तंत्र की वर्तमान स्थिति देखें, तो कहा जाएगा कि इन तकाजों को पूरा करना विपक्षी दलों के लिए एक कठिन चुनौती है। वैसे तो सात चरणों में लोकसभा का चुनाव होना अब नई बात नहीं रही, लेकिन इस बार एक खास पहलू यह है कि अनेक बड़े राज्यों में भी चुनाव को सात चरणों तक खींच दिया गया है। इससे यह कहने की स्थिति बनती है कि मैच शुरू होने के पहले ही पिच सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के अनुकूल हो गई है। चूंकि उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में सातों चरणों में वोट डाले जाएंगे, इसलिए वहां हर मतदान के दिन करीब के चुनाव क्षेत्रों में प्रचार करने की गुंजाइश बनी रहेगी। वर्तमान रुझान यह है कि प्रधानमंत्री के भाषणों का टीवी चौनल सीधा प्रसारण करते हैं।इस तरह मतदान के समय भी उनका संदेश मतदाताओं तक पहुंचता रहेगा। मतलब यह कि ऐसे चुनाव कार्यक्रम के कारण प्रचार संबंधी आदर्श चुनाव आचार संहिता बेमायने हो गई है। फिर मतदान के बाद 40 दिन तक वोटिंग मशीनों की विश्वसनीय ढंग से रक्षा और सुरक्षा की कठिन चुनौती बनी रहेगी। जिस समय चुनाव प्रक्रिया को लेकर कई तरह के संदेह वातावरण में हैं, कहा जा सकता है कि ऐसे चुनाव कार्यक्रम से उन्हें दूर करने में कोई मदद नहीं मिलने वाली है।

## चंदा सत्ता की पार्टी को ही!

चुनावी बॉन्ड के जरिए राजनीतिक दलों को मिले चंदे का ब्योरा सार्वजनिक हो गया है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा देने का जो कानूनी तरीका स्थापित किया गया था उसमें पारदर्शिता की कोई गुंजाइश नहीं थी। देश के नागरिकों से यह बात छिपाई गई कि किस पार्टी को कौन चंदा दे रहा है और कितना चंदा दे रहा है? लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस गोपनीयता पर से परदा हटा दिया है।

यह भी कह सकते हैं कि पहला परदा हट गया है। यह पता चल गया है कि किस कंपनी ने किस तारीख को कितने रुपए का बॉन्ड खरीदा। यह भी पता चला है कि किस पार्टी ने किस तारीख को कितने रुपए का बॉन्ड भुनाया। हालांकि अब भी बॉन्ड का यूनिक नंबर सार्वजनिक नहीं किया गया है, जिससे यह पता चले कि किस कंपनी द्वारा खरीदा गया बॉन्ड किस राजनीतिक दल ने भुनाया है। फिर भी यह पता चल गया है कि किस कंपनी ने सबसे ज्यादा बॉन्ड खरीदा और किस पार्टी ने सबसे ज्यादा बॉन्ड को कैश कराया।

अभी जितना खुलासा हुआ है उसका लब्बोलुआब है कि भले इसे राजनीतिक चंदे का नाम दिया जा रहा है लेकिन यह चंदा राजनीतिक दलों को कम और सरकारों को ज्यादा मिलता है। कहने का मतलब है कि जिस पार्टी की सरकार रहती है उसको चंदा मिलता है। विपक्षी पार्टियों को चिडिया के चुग्गे के बराबर चंदा मिलता है। दूसरा निष्कर्ष यह भी है कि उत्तर भारत के हिंदी पट्टी की पार्टियों की हैसियत कुछ नहीं है। देश के बड़े कॉरपोरेट घराने उनको कुछ नहीं समझते हैं। इसका कारण यह भी हो सकता है कि हिंदी पट्टी के राज्यों में बड़े कॉरपोरेट घरानों के लिए कोई अवसर नहीं होता है इसलिए वे इस इलाके की पार्टियों को नाममात्र का चंदा देते हैं या नहीं देते हैं।तभी बिहार में सत्ता में होने के बावजूद नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यू को बहुत मामूली चंदा मिला है। उनके मुकाबले मुख्य विपक्षी राजद को थोड़ा ज्यादा चंदा मिला है। उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी को भी चुनावी बॉन्ड के जरिए बहुत कम फंडिंग हुई है, जबकि बसपा को चुनावी बॉन्ड से कोई चंदा नहीं मिला है।सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि खनिज संपदा से संपन्न राज्य झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा चार साल से सरकार में है लेकिन उसका नाम टॉप पार्टियों में नहीं है। जबकि झारखंड में देश के बड़े कॉरपोरेट घरानों का बड़ा निवेश है और बड़ा काम है। ध्यान रहे चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा देने वालों में देश की बड़ी और नामी कंपनियों के नाम नहीं हैं।

# सरकार बनाने में महिला मतदाताओं की होगी अहम भूमिका



सबसे अच्छी बात यह है कि गॉव हो या शहर महिलाएं अब घर की चार दीवारी में कैद रहने वाली या पुरुष के कहे अनुसार मतदान करने वाली नहीं रही है। पुरुषों के हां में हां मिलाने वाली स्थिति से बहुत बाहर आ चुकी है आज देश की महिलाएं। विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में 18 वीं लोकसभा के चुनाव का विगुल बज गया है। मुख्य चुनव आयुक्त राजीव कुमार ने 18 वीं लोकसभा के लिए सात चरणों में मतदान का कार्यक्रम जारी कर दिया हैं वहीं 4 जून को मतगणना की तारीख तय की गई है। सीधी सी बात है कि 4 जून को दोपहर बाद तक 18 वीं लोकसभा की तस्वीर साफ हो जाएगी। खैर यह सब अलग बात है पर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफे काबिल है। गत दो चुनावों ने देश की महिला वोटरों ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मजे की बात यह भी है कि 2019 के चुनाव में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं ने अधिक मुखर होकर मतदान किया है। अब तो यह माना जाने लगा है कि देश के एक दर्जन के करीब राज्यों में महिलाओं के वोट ही नई सरकार के गठन में बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं। तस्वीर का सकारात्मक पक्ष यह भी है कि मतदान ही नहीं चुनावों में सक्रियता से हिस्सा लेने और चुनावों में उम्मीद्वारी जताने में भी महिलाएं आगे आई हैं। देश के पहले और दूसरे लोकसभा के आमचुनावों में जहां 22 महिला सांसद चुन कर आई थी वहीं गत 2019 के आमचुनाव में 78 महिला सांसद चुन कर आई। हांलाकि आधी आबादी को मुख्य धारा में लाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नए नए सब्जबाग दिखाने के बावजूद टिकट वितरण के समय महिलाओं की हिस्सेदारी कम ही रह जाती है। अनुभव तो यही बताता है कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा आधी तो दूर की बात एक तिहाई सीटों पर भी महिलाओं को टिकट नहीं दिए जाते है। खैर सबसे अच्छी बात यह है कि गॉव हो या शहर महिलाएं अब घर की चार दीवारी में कैद रहने वाली या पुरुष के कहे अनुसार मतदान करने वाली नहीं रही है। पुरुषों के हां में हां मिलाने वाली स्थिति से बहुत बाहर आ चुकी है आज देश की महिलाएं। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में महिलाएं सक्रियता से हिस्सा लेने लगी हैं। चुनावों में उम्मीद्वारी भी जताती है तो चुनाव कंपेन के दौरान अपनी उपस्थिति भी दर्ज कराती है। दूसरी और मतदान में आगे आकर हिस्सा लेने लगी है। पिछले चुनावों के आंकड़ों से यह सब साफ हो चुका है। इस साल देश में 96 करोड़ 88 लाख मतदाता है तो इनमें से महिला मतदाताओं की संख्या 47 करोड़ 15 लाख के करीब है। एक मोटे अनुमान के अनुसार पुरुषों की तुलना में करीब दो करोड़ महिला मतदाता कम है। कमोबेस यही स्थिति 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान थी। इस सबके बावजूद पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं के मतदान का आंकड़ा अधिक है। 2019 के चुनावों में पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 67.02 प्रतिशत रहा तो महिलाओं के मतदान का प्रतिशत 67.18 प्रतिशत रहा। पूर्वोत्तर, हिमाचल, गोवा, बिहार सहित बहुत से प्रदेशों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा। यह तो रही मतदान की बात तो दूसरी और नई सरकार बनाने में भी महिला मतदाताओं की अधिक भूमिका रही है। देखा जाए तो महिलाओं ने जिस दल पर अधिक भरोसा जताया या यों कहे कि जिस दल को अधिक मत दिए उसी दल की सरकार बनी। मजे की बात यह है कि 2014 में मोदी सरकार बनने और 2019 में रीपिट होने का प्रमुख कारण भी महिलाओं को भाजपा और खासतौर से नरेन्द्र मोदी पर अधिक भरोसा जताने को जाता है। 2004 के चुनावों में 22 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा और 26 प्रतिशत पुरुषों ने कांग्रेस को वोट दिया था वहीं 2019 के चुनाव आते आते इसमें जबरदस्त बदलाव देखने को मिला। 2019 के चुनावों में महिलाओं द्वारा मोदी में विश्वास व्यक्त करने का आंकड़ा 36 प्रतिशत पहुंच गया। यानी कि 2019 के चुनावों में 36 फीसदी महिलाओं ने भाजपा को वोट दिया। महिलाओं के अधिक मतदान का ही परिणाम रहा कि 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा और नरेन्द्र मोदी को जबरदस्त मेजोरिटी प्राप्त हुई। विगत दो लोकसभा चुनाव परिणामों से सबक लेते हुए अब सभी राजनीतिक दल महिला मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के हर संभव प्रयास में जुट गए हैं। यही कारण है कि महिलाओं को लुभाने वाली योजनाएं और कार्यक्रम ना केवल घोषित किये जा रहे हैं अपितु राजनीतिक दलों के आने वाले चुनाव घोषणा पत्रों में महिला मतदाताओं को लुभाने के हर संभव प्रयास होंगे। क्योंकि एक बात साफ हो चुकी है कि आज की महिला स्वयं निर्णय लेने में सक्षम है और उसको दबाव या अन्य तरीके से प्रभावित नहीं किया जा सकता। कम से कम विगत चुनावों के परिणाम तो इसी और इंगित कर रहे हैं। खास तौर से आने वाले दिनों में चुनाव कंपेन महिला केंद्रीत हो तो इससे इंकार नहीं किया जा सकता। देश की विभिन्न प्रदेशों की विधान सभाओं के चुनावों में हम यह साफ रुप से देख चुके हैं। केन्द्र सरकार की उज्ज्वला योजना, मध्यप्रदेश की लाडली योजना, लखपति लाड़ली योजना, महिला मुखिया को नकद राशि और मुफ्त बस यात्रा ने कांग्रेस को कर्नाटक और तेलंगाना में देखा जा चुका है। आप महिला सम्मान योजना के माध्यम से महिलाओं को लुभाने का प्रयास कर रही है। लगभग सभी राजनीतिक दल इस दिशा में आगे आ रहे हैं और आने वाले दिनों में यह और अधिक स्पष्ट हो जाएगा। खैर यह अलग बात है, पर यह साफ हो चुका है कि देश के लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभाने जा रही है। अब महिला मतदाताओं को कमतर नहीं आंका जा सकता। महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी इसे शुभ संकेत माना जा सकता है। पर अब यह साफ हो जाना चाहिए कि चुनावों के दौरान आने वाले दिनों में महिलाओं की और सभी राजनीतिक दलों की नजर रहेगी और महिलाओं को मतदान के लिए अपने पक्ष में करने के हर संभव प्रयास होंगे। इसे देश और लोकतंत्र दोनों के लिए ही सकारात्मक प्रयास कहा जा सकता है तो दूसरी और दुनिया के देशों के लिए भी भारत की महिलाएं एक मिसाल बन कर सामने आ रही हैं। इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होनी चाहिए कि आने वाले चुनावों में राजनीतिक दलों की निगाहें महिला मतदाताओं की और ही रहेगी।

# पुतिन जीते, समय मेहरबान!

श्रुति व्यास

वक्त व्लादिमिर पुतिन पर मेहरबान है। वे यूक्रेन युद्ध में श्जीतत्य रहे हैं। उनके खिलाफ बगावत का नेतृत्व करने वाले येवगेनी प्रिगोझिन को विमान हादसे में मरवाने में वे कामयाब रहे हैं। और इस साल उन्होंने अपने प्रबल विरोधी अलेक्सी नवलनी को खत्म करवा दिया। इस सबके चलते उन्होंने बिना किसी खास प्रयास के और दिक्कतों व परेशानियों के बगैर एक शानदार चुनावी जीत हासिल की। यहां तक कि उजड़े और वीरान मारियूपोल ने भी मतदान किया और पुतिन की श्पुनर्विजयय में भूमिका अदा की।

यह साफ है कि उनका राज कायम रहेगा। और रूस व बलपूवर्क हासिल किए गए कुछ अन्य इलाकों पर उनका सख्त नियंत्रण बना रहेगा। वे रूस के नए जार हैं। युद्ध जारी रहेगा बल्कि और तेज, और हिंसक, और घातक बनता जाएगा। पश्चिम व अन्य देश मूकदर्शक बने रहेंगे। पुतिन को रोकनेवाला कोई नहीं है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमेन्युल मेक्रों के यह कहने की देर थी कि युद्ध में यूक्रेन का पक्ष मजबूत करने के लिए नाटो को अपने सैनिक भेजने पर विचार करना चाहिए कि पुतिन ने एक बार फिर परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी दे दी।

पुतिन की ज्यादातर बातें केवल गीदड़ भभकियां हैं। मगर वे यह मानते हैं कि वक्त उनके साथ है और इसलिए वे कुछ भी कर सकते हैं। इन हालातों में उनकी महत्वाकांक्षाएं बढना स्वाभाविक है। वे यूक्रेन से भी आगे बढेंगीं। वे अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए और निष्ठुर हो जाएंगे दृ वे सोवियत साम्राज्य के नए जार बनना चाहेंगे, और साथ ही दुनिया का जार नही। और पश्चिमी देश व बाकी दुनिया दर्शक दीर्घा में बनी रहेगी।

पुतिन की चमड़ी मोटी हो चुकी है और उनका तनिक भी नुकसान नहीं हुआ है। पश्चिम द्वारा घोषित और लागू किए गए प्रतिबंधों से वे और अधिक शक्तिशाली और समृद्ध हुए हैं। आर्थिक तौर पर एवं विचारधारा की दृष्टि से पुतिन का उदय रोकने में पश्चिम विफल रहा है।पुतिन ने 1999 में सत्ता संभाली। उन्होंने योजनाबद्ध ढंग से रूस में लोकतंत्र का गला घोंटा, पहले धीरे–धीरे और युवा शहरियों द्वारा 2010 के दशक में व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बाद तेजी से। उनका आरोप है कि पश्चिम उनकी सरकार के लिए समस्याएं उत्पन्न कर रहा है। और इसलिए अपनी सत्ता की रक्षा के लिए वे रूस की जनता को पश्चिम के असर से मुक्त करने और अमरीका और नाटो के खिलाफ रूसियों को एकताबद्ध करने का प्रयास कर रहे हैं। आज रूस की अर्थव्यवस्था सिकुड़ कर मध्यम आकार की बन चुकी है और दुनिया में फैलाने के लिए उसके पास पुतिनवाद के अलावा कोई और विचारधारा नहीं है। फिर भी रूस सुरक्षित है और सारी दुनिया के लिए खतरा बनने की क्षमता रखता है।बल्कि खतरा बना हुआ है। पुतिन का रूस सोवियत साम्राज्य का जार और सारी दुनिया का शहंशाह बनने को उद्यत है।क्या कोई है जो पुतिन को रोक सके? न तो पश्चिम और ना ही उसके प्रतिबंधों में यह क्षमता है और ना ही नाटो और उसकी सैन्य शक्ति में। वैसे भी, दुनिया के गैर–जिम्मेदार देशों की मूर्खताएं जो कहर बरपा सकती हैं उसकी तुलना में नाटो की ताकत कुछ भी नहीं है।पुतिन को सिर्फ जनता रोक सकती है। यह ताकत केवल रूसियों के पास है। एक क्रांति इसका जरिया हो सकती है। अफसोस, वक्त उनके साथ नहीं है। उन्हें पुतिन का तख्तापलट करने के लिए क्रांति करने का न तो अवसर है, ना समर्थन हैं और न लोगों में जोश भरने वाली कोई आवाज है। उनके पास अलेक्सी नवलनी था, लेकिन आज वो भी नहीं है। पिछले कई सालों से उनकी बात रूस में ध्यान से सुनी जाती थी। उनमें पुतिन और उनके चमचों द्वारा फैलाए गए झूठ का भंडाफोड़ करने की क्षमता थी। नवलनी इस झूठ का पर्दाफाश में सक्षम थे पुतिन और उनके साथी मजबूत राष्ट्र के निर्माण में जुटे आदर्शवादी और सीधे–सच्चे लोग हैं। नवलनी को वहां के कुलीन वर्ग की काली करतूतों और भ्रष्टाचार का खुलासा करने में महारत हासिल थी।

पहली बार रूस की जनता को एक अलग प्रकार की राजनीति देखने का मौका मिला था। इसके पहले तक वे राष्ट्रपति के रूप में पुतिन के अलावा किसी और की कल्पना भी नहीं कर सकते थे।नवलनी आशा की किरण थे। लेकिन अब वे नहीं हैं और अँधेरे ने अपना साम्राज्य कायम कर लिया है। जनता को मानों लकवा मार गया है। कई लोग तो सड़कों पर निकलने की हिम्मत तक नहीं जुटा पा रहे हैं और रूस छोडने की जुगत में हैं। हालांकि ऐसी खबरें है कि इस चुनाव में कई नागरिकों ने अपना विरोध प्रदर्शित करने के लिए मतपेटियां में स्याही उड़ेल दी, या विस्फोटकों से उन्हें नष्ट कर दिया या आग लगाने का प्रयास किया। लेकिन इससे अंतिम नतीजे पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। अंतर्राष्ट्रीय प्रेस का मानना है कि यह सब नवलनी से प्रेरित लोगों द्वारा ही किया गया।अपने अंतिम सार्वजनिक संदेशों में से एक में नवलनी ने जनता से आव्हान किया था कि वे पुतिन के प्रति विरोध प्रदर्शित करने के लिए 17 मार्च को मतदान केन्द्रों पर जाएं और पुतिन को हराएँ। लेकिन इसका अपेक्षित प्रभाव नहीं हुआ।वक्त पुतिन का साथ दे रहा है। वे अजेय और चुनौती–विहीन बने हुए हैं। एक और जीत, जो तय है, के बाद, पुतिन, किम जोंग की तरह बन जाएंगे। रूस पहले से ही एक ऐसा राष्ट्र बन चुका है जो कुछ भी कर सकता है। दुनिया को चौकन्ना रहने की जरूरत है। ऐसा लगता है कि 2024 अमन से महरूम रहेगा।

# लोकसभा चुनावों में जीत से ज्यादा अपने अस्तित्व को बचाने के लिए मैदान में उतर रहे हैं कांग्रेस समेत कई राजनीतिक दल

देखा जाये तो पिछले दो लोकसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस एक बार फिर बेहद मुश्किल माने जा रहे चुनाव में उतर रही है। इस चुनाव में उसके सामने अस्तित्व बचाने की कड़ी चुनौती है क्योंकि एक बार उसका मुकाबला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली शक्तिशाली भाजपा से है। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों के लिए इस बार का आम चुनाव खास इसलिए है क्योंकि इसके परिणाम इन दलों के अस्तित्व के बचे रहने या खत्म होने का भी निर्धारण करने वाले हैं। जहां तक कांग्रेस की बात है तो भले वहां गांधी परिवार से अलग अध्यक्ष आ गया हो लेकिन पार्टी अब भी पूरी तरह गांधी परिवार के प्रभाव में काम कर रही है इसलिए तमाम प्रयास करने के बावजूद आगे नहीं बढ़ पा रही है। 2014 से कांग्रेस की हार का और नेताओं के पार्टी छोड़ने का जो सिलसिला शुरू हुआ है वह अनवरत जारी है। देखा जाये तो पिछले दो लोकसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस एक बार फिर बेहद मुश्किल माने जा रहे चुनाव में उतर रही है। इस चुनाव में उसके सामने अस्तित्व बचाने की कड़ी चुनौती है क्योंकि एक बार उसका मुकाबला एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली शक्तिशाली भाजपा से है। कुछ ऐसी ही चुनौती आम आदमी पार्टी, वाम दलों और कई अन्य क्षेत्रीय दलों के लिए भी है। देखा जाये तो कांग्रेस का आजादी से पहले से लेकर पिछले दशक तक राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य में बड़ा दबदबा था, लेकिन कुछ वर्षों से वह लगातार सिमटती जा रही है। अब वह केवल तीन राज्यों– कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में अपने दम पर सत्ता में है। यही नहीं, इस पर भी एक बड़ा सवालिया निशान है कि क्या वह 'इंडिया' गठबंधन की अगुवाई का दावा भी कर सकती है। देखा जाये तो केंद्र में नरेंद्र मोदी के रहते पिछला दशक 138 साल पुरानी पार्टी के लिए बहुत मुश्किल भरा रहा। वह लोकसभा में विपक्ष के नेता के पद के लिए आवश्यक सीटें भी हासिल करने में विफल रही। कांग्रेस नेता



पार्टी की गौरवशाली विरासत पर भरोसा करते हुए पतन के रुकने और फिर से खड़े होने की उम्मीद कर रहे हैं, हालांकि कई चुनौतियां उनके सामने खड़ी हैं। कांग्रेस पार्टी ने पिछले चुनाव में लड़ी गई 421 सीटों में से केवल 52 सीटें हासिल कीं, जिससे 2014 की तुलना में उसकी संख्या में थोड़ा सुधार हुआ जब उसने लड़ी गई 464 सीटों में से 44 सीटें हासिल की थीं। 2014 में 178 के मुकाबले 2019 में 148 कांग्रेस उम्मीदवारों ने अपनी जमानत गंवा दी। हम आपको बता दें कि वर्ष 1984 में कांग्रेस के लिए शिखर तब आया जब उसने रिकॉर्ड 404 सीटें जीतीं। हालांकि उस जीत में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या से उपजी सहानुभूति की लहर एक बड़ा कारक रही थी। इसके बाद 1989 के आम चुनाव में कांग्रेस को 197 सीट, 1991 में 232, 1996 में 140, 1998 में 141, 1999 में 114, 2004 में 145 और 2009 में 206 सीटें मिलीं थीं। इसके बाद 2014 में कांग्रेस को 44 और 2019 के चुनाव में 52 सीटें मिलीं। वर्ष 2019 और 2014 के लोकसभा चुनावों में पार्टी के लिए हल्की उम्मीद की किरण यह थी कि उसने अपना मत प्रतिशत लगभग 19 प्रतिशत पर बनाए

## आज का राशिफल

मेष राशि– आज का दिन आपके लिए लकी रहेगा। आप की नई तकनीक आपके व्यवसाय को आगे बढ़ाएगी। आज आपको आय के विभिन्न स्रोत मिलेंगे और अच्छी आमदनी होगी। आप अपने फालतु खर्चों पर नियंत्रण रखें। भविष्य के लिए बचत कर पाएंगे। आपका लंबे समय से रुका हुआ पैसा वापस मिलेगा।

वृष राशि –आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप अपने हर काम को रचनात्मक तरीके से करेंगे। आपको मानसिक संतुष्टि मिलेगी। परिवार में किसी समारोह पर पैसा खर्च हो सकता है। पार्टनरशिप में किए गए व्यापार में लाभ होगा। कोई भी निर्णय जल्दबाजी में ना लें, अनुभवी लोगों से सलाह अवश्य ले। कहीं से धन प्राप्ति का संयोग बनेगा।

मिथुन राशि– आपके लिए दिन खास रहने वाला है। आज आपको कुछ बेहतरीन अवसर मिलेंगे। कार्य क्षेत्र में आपकी इच्छाएं पूरी होंगी। वेतन बढने के साथ–साथ आपका रुतबा ऊंचा होगा। आमदनी बढने के कई रास्ते खुलेंगे। लवमेट्स अपने रिश्तो में प्रगाढ़ता महसूस करेंगे आप अपनी बुद्धि, विवेक से हर तरफ सफलता हासिल करेंगे।

कर्क राशि– आज आपको तरक्की दिलाने वाला दिन है। आज कार्य क्षेत्र में काम करने की इच्छा बढ़ेगी। आपका कहीं तबादला हो सकता है। यह आपके हित में होगा। आपके कार्यों में नया बदलाव आएगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। संतान की चिंता कम होगी, अच्छी जॉब लगने से घर में उत्सव सा माहौल बना रहेगा। कोई निर्णय आपके पक्ष में होने की संभावना कम है। जो अविवाहित हैं, विवाह के अवसर मिलेंगे।

सिंह राशि– आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आपकी सुख सुविधाएं बढ़ेगी। आपको कोई बड़ी संपत्ति मिलने के योग हैं। आज आप परिवार के साथ सद्भावनापूर्वक दिन बिताएंगे। आपके व्यवसायिक कार्यों में कुछ रूकावटें आएंगी, लेकिन जल्द ही समाधान भी निकल जाएगा। मित्रों और रिश्तेदारों से आपके रिश्ते अच्छे होंगे।

कन्या राशि–आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप आज छोटी छोटी बातों पर ध्यान देंगे, जिससे आपके कार्यक्षेत्र में फायदा होगा। आप सामाजिक कार्यों में भाग लेंगे। पारिवारिक आयोजन पर धन खर्च करेंगे। परिवार में आपसी समझ बढ़ेगी। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आज आपको किसी अनुभवी व्यक्ति का सहयोग मिलेगा।

तुला राशि– आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होगी। आज आप अपनी क्षमता पर विश्वास करके आगे बढ़ेंगे।
आपको कार्य क्षेत्र में सम्मान मिलेगा। आपको आय के नए स्रोत मिलने के प्रबल योग हैं। आज आप कोई नया काम हाथ में लेंगे और सफलता पूर्वक पूरा करेंगे। पार्टनरशिप के बिजनेस में आपको लाभ होगा।

वृश्चिक राशि– आपके लिए तरक्की लाने वाला दिन है। आज आप अपने नए व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेंगे। आज आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। आज आप दोस्तों के साथ दिन बिताएंगे। आप छोटी–छोटी बातों में गुस्सा करने से बचें। स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

धनु राशि– आज आपका दिन आनंदमय रहेगा। आज आप परिवार के किसी शुभ कार्य में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। आपको भाइयों का पूरा सहयोग मिलेगा। आज आप खुशहाल वातावरण में दिन बिताएंगे। आप अपने कार्य क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। प्रमोशन के साथ धन लाभ की संभावना है।

मकर राशि–आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आपका रुका हुआ धन आज वापस मिलेगा। आप अपने कार्य क्षेत्र में सफलता की ऊंचाइयों पर पहुंचेंगे। आप अपने साहस और विवेक से बाहर निकलेंगे। नौकरी में आपको मनचाही प्रगति मिलेगी।

कुंभ राशि– आज आप भाग्यशाली रहेंगे। अच्छे व्यवहार और कार्यकुशलता से आपकी प्रगति होगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्या आ सकती है। आप शांत और ठंडे दिमाग से आगे बढ़ेंगे। आपको किसी मित्र या भाई से धन लाभ की संभावना है। जीवनसाथी के साथ अच्छा दिन बिताएंगे।

मीन राशि– आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आप अपने परिवार से बेहतर जुड़ाव महसूस करेंगे। आपको पूरे परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। आपके कार्यों को करने में कोई रुकावट आएगी। आप अपनी बुद्धि और विवेक से दूर कर, और आगे बढ़ेंगे। आज आप आर्थिक मामलों में अपने बड़ों की सलाह लेंगे। व्यापार को लेकर आज कोई यात्रा होगी।

# कुलभूषण जाधव को आईएसआई को किसने सौंपा

जैश अल अदल ने ही ईरान से भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव का अपहरण किया था। जैश अल अदल ने ही कुलभूषण जाधव को आईएसआई को सौंप दिया था। कुलभूषण जाधव को ईरान के चाबहार से ही किडनैप किया गया था।जनवरी के महीने में ईरान ने पाकिस्तान पर ड्रोन और मिसाइल से हमला किया है। इस हमले में जैश अल अदल नामक आतंकी संगठन के दो ठिकानों को निशाना बनाया गया। जैश अल–अदल को अरबी में न्याय की सेना के रूप में अनुवादित किया जाता है, जिसे जुंदाल्लाह या ईश्वर के सैनिकों का उत्तराधिकारी माना जाता है। 2000 में इस्लामिक गणराज्य के खिलाफ एक हिंसक विद्रोह को उकसाया, जिससे अशांत दक्षिणपूर्व में एक दशक तक विद्रोह चला। 2010 में स्थिति बदल गई जब ईरान ने जुंदाल्ला के नेता अब्दोलमलेक रिगी को मार डाला। विद्रोही समूह के लिए एक महत्वपूर्ण झटका था। आपको बता दें कि जैश अल अदल ने ही ईरान से भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव का अपहरण किया था। जैश अल अदल ने ही कुलभूषण जाधव को आईएसआई को सौंप दिया था। कुलभूषण जाधव को ईरान के चाबहार से ही किडनैप किया गया था। अप्रैल 2017 में जासूसी और आतंकवाद के आरोप में जाधव को पाकिस्तानी सैन्य अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। जबकि पाकिस्तान का दावा है कि ईरान में व्यावसायिक हित रखने वाले जाधव को



बलूचिस्तान से गिरफ्तार किया गया था, भारत ने कहा है कि उन्हें ईरान–पाकिस्तान सीमा से अपहरण कर लिया गया था। चार देशों ने लगाया प्रतिबंध। साल 2010 में ईरान ने आतंकी संगठन जुंदाल्लाह के बड़े नेता अब्दोलमलेक रिगी को मार गिराया था। इसके बाद साल 2012 में इस संगठन के सदस्यों ने एक दूसरा संगठन बनाया, जिसे जैश–अल–अदल नाम दिया गया। इस आतंकी संगठन का मुखिया इस वक्त सलाउद्दीन फारूकी है। इस आतंकी संगठन की करतूतों के चलते ही इसे ईरान, जापान, अमेरिका और न्यूजीलैंड ने बैन किया है।

# करीमा बलोच को आईएसआई ने मरवाया?

बलूचिस्तान की अधिकार कार्यकर्ता करीमा बलूच पाकिस्तान सरकार के साथ बलूचिस्तान के लोगों के अधिकारों के लिए लड़ रही थीं। वो एक राजनीतिक छात्र संगठन, बलूच छात्र संगठन (बीएसओ–आजाद) की पहली अध्यक्ष थीं, और बलूच कार्यकर्ताओं के बीच जबरन गायब होने का मुद्दा उठाने के लिए जानी जाती थीं। बलूचिस्तान में मानवाधिकारों के हनन को लेकर पाकिस्तानी सेना के खिलाफ मोर्चा खोलने वाली करीमा बलोच जब कनाडा में मृत पाई गईं तो पाकिस्तानी इंटेलिजेंस एजेंसी आईएसआई पर करीमा की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया। पाकिस्तान सरकार की तरफ से यहां के अकूत प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया जाता रहा है। इसी दोहन और बाहरी आबादी को यहां बसाने की सरकार की कोशिशों के खिलाफ 2003 से यहां संघर्ष अपने चरम पर है। बलूचिस्तान की अधिकार कार्यकर्ता करीमा बलूच पाकिस्तान सरकार के साथ बलूचिस्तान के लोगों के अधिकारों के लिए लड़ रही थीं। वो एक राजनीतिक छात्र संगठन, बलूच छात्र संगठन (बीएसओ–आजाद) की पहली अध्यक्ष थीं, और बलूच कार्यकर्ताओं के बीच जबरन गायब होने का मुद्दा उठाने के लिए जानी जाती थीं। पाकिस्तानी सेना और इंटर–सर्विसेज इंटेलिजेंस के मुखर आलोचक, बलूच को पाकिस्तान में आतंकवाद के आरोप लगाए जाने के बाद कनाडा में शरण दी गई थी। 2020 में लापता होने के बाद बलूच स्वीडन में एक नदी में मृत पाई गईं। उस वर्ष निर्वासन में मरने वाली दूसरी बलूच कार्यकर्ता बन गईं। करीमा से पहले मार्च 2020 में स्वीडन में रह रहे बलोच पत्रकार की भी लाख मिली थी। निर्वासन में रह रहे बलूच के पति हमीर हैदर ने कहा कि मैं विश्वास नहीं कर सकता कि यह आत्महत्या का कार्य है। वह एक मजबूत महिला थीं और वो अच्छे मूड में घर से गई थीं। उन्होंने आगे कहा कि हम बेईमानी से इनकार नहीं कर सकते क्योंकि उसे धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने पाकिस्तान छोड़ दिया क्योंकि उनके घर पर दो से अधिक बार छापा मारा गया था। उन्हें सक्रियता और राजनीतिक गतिविधियाँ छोड़ने की धमकी दी गई लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और कनाडा भाग गईं।

पत्रकार साजिद हुसैन भी लापता हो गए थे। बाद में उनकी लाश एक नदी के किनारे मिली थी। साजिद के परिवार, दोस्तों और परिचितों ने दावा किया था कि उनकी हत्या हुई है। पेरिस के जर्नलिस्ट ऑर्गनाइजेशन रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने आरोप लगाया था कि साजिद का संदिग्ध रूप से गायब होना और उनकी मौत हो जाना एक साजिश थी। इसे पाकिस्तानी इंटेलिजेंस एजेंसी आईएसआई (इंटर सर्विसेस इंटेलिजेंस) और एमआई (मिलिट्री इंटेलिजेंस ऑफ पाकिस्तान) ने अंजाम दिया था।

इसकी वजह पत्रकार के तौर पर उनके काम थे जो पाकिस्तान को खटक रहे थे।

# अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक, तालिबान सेना ने पाकिस्तान की तरफ घुमाई तोपें, कैसे खराब हो गए दोनों देशों के संबंध ?

पाकिस्तान और तालिबान के बीच तनाव चरम पर है, पाकिस्तान अफगानिस्तान पर आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगा रहा है और तालिबान इस आरोप से इनकार कर रहा है। दरअसल, यह पाकिस्तान सरकार और अफगानिस्तान में तालिबान के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनाव का एक और अध्याय होगा। पाकिस्तान–अफगानिस्तान सीमा पर सबकुछ ठीक नहीं है। दरअसल, हाल के दिनों में दोनों देशों के बीच संबंध खराब हो रहे हैं और 18 मार्च की घटना के बाद यह और खराब होना तय है। इस्लामाबाद ने पुष्टि की कि उसने पड़ोसी देश में खुफिया–आधारित आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया था, जिसमें आठ नागरिकों की मौत हो गई। जवाब में तालिबान सरकार ने सीमा पर पाकिस्तानी सैनिकों पर गोलीबारी की। अब, दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है, पाकिस्तान अफगानिस्तान पर आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगा रहा है और तालिबान इस आरोप से इनकार कर रहा है। दरअसल, यह पाकिस्तान सरकार और अफगानिस्तान में तालिबान के बीच लंबे समय से चले आ रहे



तनाव का एक और अध्याय होगा। लेकिन वास्तव में क्या हुआ? और यह घटना इस्लामाबाद और काबुल के बीच पहले से ही तनावपूर्ण संबंधों को कैसे प्रभावित करती है? 18 मार्च की तड़के, पाकिस्तान ने पूर्वी अफगानिस्तान के पक्तिका और खोस्त प्रांतों में दो हवाई हमले किए। तालिबान अधिकारियों के अनुसार, इन हमलों में तीन बच्चों सहित कम से कम आठ लोग मारे गए। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने घटना की पुष्टि करते हुए पाकिस्तान को चेतावनी दी कि वह अपने क्षेत्र में नियंत्रण की कमी और समस्याओं के लिए अफगानिस्तान को दोष न दे। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं के बहुत बुरे परिणाम हो सकते हैं जो पाकिस्तान के नियंत्रण में नहीं होंगे।कुछ घंटों बाद, पाकिस्तान विदेश कार्यालय ने भी हमलों की पुष्टि की और कहा कि उसने अफगानिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों के अंदर खुफिया–आधारित आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया था। इसमें आगे कहा गया कि हाफिज गुल बहादुर समूह से संबंधित आतंकवादी उसके ऑपरेशन का मुख्य लक्ष्य थे। इसमें कहा गया है कि तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के साथ ये आतंकवादी पाकिस्तान के अंदर कई आतंकवादी हमलों के लिए जिम्मेदार थे, जिसके परिणामस्वरूप सैकड़ों नागरिकों और कानून प्रवर्तन अधिकारियों की मौत हुई। कुछ घंटों बाद तालिबान ने हमलों की निंदा की। तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने लिखा कि अफगानिस्तान का इस्लामी अमीरात इन हमलों की कड़ी निंदा करता है और इस लापरवाह कार्रवाई को अफगानिस्तान के क्षेत्र का उल्लंघन बताता है। अफगानिस्तान का इस्लामी अमीरात, जिसके पास दुनिया की महाशक्तियों के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम का लंबा अनुभव है, किसी को भी अपने क्षेत्र पर आक्रमण करने की अनुमति नहीं देता है। टीटीपी और पाकिस्तान हालाँकि, पाकिस्तान–अफगानिस्तान सीमा पर इस तरह के हमले कोई नई बात नहीं है। हाल के वर्षों में, विश्व स्तर पर नामित आतंकवादी समूह और काबुल में सत्तारूढ़ तालिबान के करीबी सहयोगी माने जाने वाले टीटीपी द्वारा पाकिस्तानी धरती पर हमले बढ़ गए हैं। वास्तव में पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज के अनुसार, 2023 में देश में आतंकवादी हिंसा में 17 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई और कुल 306 आतंकवादी हमले हुए, जिनमें 693 लोग मारे गए। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि आतंकवादियों के बढ़ते हमलों से संकेत मिलता है कि टीटीपी और उसके सहयोगी पाकिस्तान को बातचीत की प्रक्रिया बहाल करने के लिए श्मजबूरश करने के उद्देश्य से तीव्र आतंकवाद हमले का सहारा लेना जारी रखेंगे।

# आफगानिस्तान में पाकिस्तान का हवाई हमला अमेरिका ने संयम बरतने का आग्रह किया

वाशिंगटन। हम उन खबरों से अवगत हैं, जिनमें कहा गया है कि शनिवार को पाकिस्तान में एक सैन्य चौकी पर हुए हमले के जवाब में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में हवाई हमले किए। हमें पाकिस्तान में हमले के दौरान जन हानि तथा घायलों के प्रति तथा अफगानिस्तान में हमलों के दौरान असैन्य लोगों की जान जाने पर गहरा अफसोस है। अमेरिका ने पाकिस्तान से अपने आतंकवाद रोधी अभियान को लेकर सयंम बरतने का आग्रह किया है। इससे कुछ घंटे पहले पाकिस्तान ने कहा था कि उसने अफगानिस्तान में तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से संबद्ध आतंकवादियों के खिलाफ हवाई हमले किए हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां–पियरे ने सोमवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि अमेरिका अफगानिस्तान पर शासन करने वाले तालिबान से भी आग्रह करता है कि वह यह सुनिश्चित करे कि अफगानिस्तान की धरती का



इस्तेमाल आतंकी हमले करने के लिए न किया जाए। पाकिस्तान ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तानी अशांत शहरों में हाल में हुए आतंकवादी हमलों के बाद दोनों पड़ोसी देशों में छिड़ी जुबानी जंग के बीच उसने अफगानिस्तान के टीटीपी आतंकवादियों के खिलाफ हवाई हमले किए हैं। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय (एफओ) ने कहा कि टीटीपी के हाफिज गुल बहादुर समूह से जुड़े आतंकवादियों पर हमला किया गया है। इस समूह ने शनिवार को सेना की एक चौकी पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली थी जिसमें दो अधिकारियों समेत सात सैनिकों की मौत हुई थी। अफगान तालिबान ने कहा कि पाकिस्तान के हवाई हमलों में तीन बच्चों सहित कम से कम आठ आम असैन्य लोग मारे गए हैं। उसने काबुल में पाकिस्तान के दूतावास में प्रभारी राजदूत को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया। ज्यां–पियरे ने कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान को अपने मतभेदों को बातचीत के जरिए सुलझाना चाहिए। उन्होंने कहा, "हम उन खबरों से अवगत हैं, जिनमें कहा गया है कि शनिवार को पाकिस्तान में एक सैन्य चौकी पर हुए हमले के जवाब में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में हवाई हमले किए। हमें पाकिस्तान में हमले के दौरान जन हानि तथा घायलों के प्रति तथा अफगानिस्तान में हमलों के दौरान असैन्य लोगों की जान जाने पर गहरा अफसोस है।" ज्यां–पियरे ने कहा, "हम तालिबान से यह सुनिश्चित करने का आग्रह करते हैं कि अफगान धरती से आतंकवादी हमले न किए जाएं। हम पाकिस्तान से संयम बरतने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह करते हैं कि आतंकवाद विरोधी प्रयासों में आम नागरिकों को नुकसान न पहुंचे।" एक अलग संवाददाता सम्मेलन में विदेश विभाग के प्रवक्ता वेदांत पटेल ने भी यही बात कही। पटेल ने यह भी कहा, "हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि अफगानिस्तान फिर से उन आतंकवादियों के लिए पनाहगाह न बने जो अमेरिका या हमारे साझेदारों और सहयोगियों को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं।

# श्रीलंकाई नौसेना ने फिर की कार्रवाई, 21 मछुआरों को किया गिरफ्तार

श्रीलंकाई नौसेना ने उन्हें घेर लिया। गिरफ्तार किए गए 21 मछुआरे इजराइल और अरोक्या सुगंधन की नावों पर थे। गिरफ्तार मछुआरों को फिर कांगेसंथुराई ले जाया गया और फिर मायिलेटी बंदरगाह पर मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया गया। 21 भारतीय मछुआरों के एक और जत्थे को श्रीलंकाई नौसेना ने कथित तौर पर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा पार करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। 16 मार्च को तमिलनाडु के मछुआरे मछली पकड़ने के लिए बंदरगाह से 500



से अधिक नावों में रवाना हुए। जब वे कचाथीवु और नेदुनथीवु के बीच पानी में मछली पकड़ रहे थे, तभी श्रीलंकाई नौसेना ने उन्हें घेर लिया। गिरफ्तार किए गए 21 मछुआरे इजराइल और अरोक्या सुगंधन की नावों पर थे। गिरफ्तार मछुआरों को फिर कांगेसंथुराई ले जाया गया और फिर मायिलेटी बंदरगाह पर मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया गया। 16 मार्च को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने तमिल मछुआरों की लगातार गिरफ्तारियों पर चुप रहने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की। भारत और श्रीलंका के बीच लंबे वक्त से मछुआरों का मुद्दा बना हुआ है। श्रीलंकाई नौसेना पाल्क स्ट्रैट में कई बार भारतीय मछुआरों पर फायरिंग भी कर चुकी है। तमिलनाडु और श्रीलंका के बीच स्थिति समुद्री पट्टी मछली के लिहाज से संपन्न क्षेत्र है और दोनों देशों के मछुआरे यहां मछली पकड़ने के लिए पहुंचते हैं।

# मांगने से बाज नहीं आएंगे पाक पीएम शहबाज, सऊदी के सामने कटोरा किया आगे

पीएम कार्यालय के एक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री शहबाज को क्राउन प्रिंस और सऊदी अरब के प्रधानमंत्री से बधाई टेलीफोन कॉल मिली। क्राउन प्रिंस ने प्रधानमंत्री को उनकी दयालु भावनाओं के लिए धन्यवाद दिया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपने दूसरे कार्यकाल में भी कटोरा लेकर भीख मांगने की तैयारी में जुट गए हैं। पीएम पद की शपथ लेने 12 दिन बाद आए एक फोन कॉल ने शहबाज शरीफ की उम्मीजें और ज्यादा बढ़ा दी हैं। ये फोन सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान का था। सऊदी क्राउन प्रिंस और वास्तविक शासक मोहम्मद बिन सलमान ने नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पाकिस्तान के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया, जो कठिन आर्थिक दौर से गुजर रहा है। रियाद ने हाल के वर्षों में देश के कम विदेशी भंडार को बढ़ाने के लिए बड़ी मात्रा में ग्रीनबैक जमा करके और रोल करके नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान का समर्थन किया है। इससे पहले, सऊदी अरब ने दिसंबर 2024 के अंत तक एक



और वर्ष के लिए स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) में अपनी 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर की जमा राशि को वापस ले लिया था। पीएम कार्यालय के एक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री शहबाज को क्राउन प्रिंस और सऊदी अरब के प्रधानमंत्री से बधाई टेलीफोन कॉल मिली। क्राउन प्रिंस ने प्रधानमंत्री को उनकी दयालु भावनाओं के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच घनिष्ठ भाईचारे के रिश्ते हैं और उन्होंने पाकिस्तान के लिए सऊदी अरब के समर्थन की पुष्टि की। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान को सऊदी अरब के साथ अपने ऐतिहासिक, गहरे और भाईचारे वाले संबंधों पर गर्व है और दोनों देश हर सुख–दुख में हमेशा एक साथ खड़े रहे हैं। उन्होंने पाकिस्तान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और समर्थन के लिए सऊदी अरब की सराहना की।

प्रधानमंत्री ने दो पवित्र मस्जिदों के संरक्षक, किंग सलमान बिन अब्दुल अजीज के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं और प्रार्थनाएं भी व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के लोगों में महामहिम के साथ–साथ क्राउन प्रिंस के लिए भी बहुत प्यार और सम्मान है। शहबाज शरीफ ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि गहरे, ऐतिहासिक भाईचारे वाले पाकिस्तान–सऊदी संबंधों को एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी में बदलने के लिए एचआरएच क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। यह कॉल सऊदी राजदूत नवाफ बिन सईद अहमद अल–मल्की द्वारा 11 मार्च को प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात के कुछ ही दिनों बाद की गई थी और उन्होंने प्रधान मंत्री को सऊदी अरब आने का निमंत्रण देते हुए, प्रधान मंत्री को सऊदी नेतृत्व के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया था।

# पीएम सुनक के साथ ओबामा की मुलाकात, क्यों तेज हो गई चर्चा

प्रवक्ता ने कहा कि मुझे लगता है कि राष्ट्रपति ओबामा की टीम ने संपर्क किया और जाहिर तौर पर प्रधानमंत्री उनसे मिलकर और ओबामा फाउंडेशन के काम पर चर्चा करके बहुत खुश हुए। बराक ओबामा फाउंडेशन एक गैर–लाभकारी संगठन है जो श्सामाजिक गतिशीलता पर केंद्रितश है और इसकी स्थापना 2014 में पूर्व राष्ट्रपति द्वारा की गई थी। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने 18 मार्च को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट पर श्शिष्टाचार भेंटश की। रिपोर्टों के अनुसार, यह एक अघोषित निजी बैठक थी, जहां दोनों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर चर्चा की। बाद में पीएम सुनक के एक प्रवक्ता ने कहा कि ओबामा फाउंडेशन का काम कर रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा कि मुझे लगता है कि राष्ट्रपति ओबामा की टीम ने संपर्क किया और जाहिर तौर पर प्रधानमंत्री उनसे मिलकर और ओबामा फाउंडेशन के काम पर चर्चा करके बहुत खुश हुए। बराक ओबामा फाउंडेशन एक गैर–लाभकारी संगठन है जो श्सामाजिक गतिशीलता पर केंद्रितश है और इसकी स्थापना 2014 में पूर्व राष्ट्रपति द्वारा की गई थी। बैठक के बाद, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के वफादार माने जाने वाले मेक अमेरिका ग्रेट अगेन या एमएजीए समर्थकों ने अटकलें लगाईं कि ओबामा विदेशी नेताओं से क्यों मिल रहे हैं। ओबामा को नंबर 10 में प्रवेश करते हुए देखा गया और उन्होंने बाहर पत्रकारों की ओर हाथ हिलाया और लगभग एक घंटे बाद वहां से चले गए। लोकप्रिय ट्रम्प समर्थक और रूढ़िवादी पत्रकार



लॉरा लूमर ने एक्स के पास जाकर पूछा कि ओबामा विश्व नेताओं के साथ निजी बैठकें क्यों कर रहे हैं? एक अन्य उपयोगकर्ता, जीमजीम1776, ने दावा किया कि बैठक ने स्पष्ट कर दिया कि वर्तमान बाइडेन प्रशासन वास्तव में ओबामा का श्तीसरा कार्यकालश था। एक निजी बैठक में अधिकारियों से मिलने वाले ओबामा को सभी को बताना चाहिए कि यह ओबामा का तीसरा कार्यकाल है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के साथ ओबामा की निजी मुलाकात उन अटकलों के बीच हुई है कि जो बाइडेन की उम्र के बारे में बढ़ती चिंताओं के मद्देनजर उनकी पत्नी मिशेल ओबामा राष्ट्रपति पद के लिए हिस्सा ले सकती हैं। लेकिन पूर्व प्रथम महिला ने अभी तक इसकी औपचारिक घोषणा करने से परहेज किया है। वास्तव में उनके कार्यालय ने हाल ही में अटकलों का खंडन किया।

# सैन्य अभियान की आशंका से बहुत चिंतित हूं जो वाइडन ने नेतन्याहू से कहा

रफह मिस्र के साथ लगती सीमा पर स्थित है और मिस्र ने वहां एक बड़े सैन्य अभियान को लेकर गहरी चिंता जतायी है तथा इसके परिणामस्वरूप इजराइल के साथ भविष्य में अपने संबंधों को लेकर सवाल भी उठाए हैं।वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा है कि वह इजराइल द्वारा गाजा सिटी और खान यूनिस की तरह ही रफह में बड़ा सैन्य अभियान चलाये जाने की आशंका से काफी चिंतित हैं। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक



सुलिवन ने यह जानकारी दी। सुलिवन ने सोमवार को अपने नियमित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि नेतन्याहू सोमवार को बाइडन के साथ फोन पर हुई बातचीत में दक्षिणी गाजा के रफह शहर में हमास आतंकवादियों को निशाना बनाने के लिए किसी वैकल्पिक तरीके और जमीनी स्तर पर बड़ा हमला किए बगैर मिस्र–गाजा सीमा को सुरक्षित बनाने पर चर्चा करने के लिए इजराइली अधिकारियों का एक दल वाशिंगटन भेजने पर राजी हो गए।यह एक महीने में पहली बार है जब दोनों नेताओं ने फोन पर बात की है। सुलिवन ने बताया कि बाइडन और नेतन्याहू ने रफह को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा, ''राष्ट्रपति ने बताया कि वह इजराइल द्वारा गाजा सिटी और खान यूनिस की तरह ही रफह में बड़ा सैन्य अभियान चलाने की आशंका को लेकर वह क्यों इतने चिंतित हैं।'' राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने बताया कि 10 लाख से अधिक लोगों ने रफह में शरण ली है। उन्होंने कहा कि वे गाजा सिटी से खान यूनिस और फिर रफह गए, अब उनके पास कोई सुरक्षित जगह नहीं है।

# आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस के शुरूआती मैच में नहीं खेल पायेंगे सूर्यकुमार यादव

मुंबई इंडियंस के 27 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ, एक अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ और सात अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में उनकी भागीदारी बाद में तय की जायेगी। सूर्यकुमार ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक अस्पष्ट संदेश पोस्ट किया जिसमें 'दिल टूटने वाली इमोजी' बनी हुई थी। मुंबई। स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से फिटनेस मंजूरी मिलना बाकी है जिससे निश्चित है कि वह 24 मार्च को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरूआती मैच में नहीं खेल पायेंगे। दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार 'स्पोर्ट्स हर्निया' की सर्जरी के बाद उबरने और 'रिहैबिलिटशेन' के लिए बेंगलुरु स्थित एनसीए में थे। दिसंबर से क्रिकेट से बाहर रहे सूर्यकुमार का मंगलवार को एनसीए में फिटनेस टेस्ट भी कराया गया लेकिन पीटीआई को लगता है कि इस 33 साल के खिलाड़ी के फिटनेस के आकलन की



जरूरत है। मुंबई इंडियंस के 27 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ, एक अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ और सात अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में उनकी भागीदारी बाद में तय की जायेगी। सूर्यकुमार ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक अस्पष्ट संदेश पोस्ट किया जिसमें 'दिल टूटने वाली इमोजी' बनी हुई थी।

# नवजोत सिंह सिद्धू का बयान, कहा– टी20वर्ड में भारत को रोहित–कोहली की जरूरत

पूर्व भारतीय बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्धू ने टी20 वर्ल्ड कप को लेकर अपने विचार शेयर किए। उन्होंने इस दौरान टीम इंडिया के लिए रोहित शर्मा और विराट कोहली को अहम बताया। कई लोगों का मानना है कि खेल के सबसे छोटे फॉर्मेट में दोनों बल्लेबाजों के दिन अब गिने चुने रह गए हैं। लंबे समय बाद क्रिकेट कमेंट्री में वापसी करने वाले पूर्व भारतीय बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्धू ने टी20 वर्ल्ड कप को लेकर अपने विचार शेयर किए। उन्होंने इस दौरान टीम इंडिया के लिए रोहित शर्मा और विराट कोहली को अहम बताया। कई लोगों का मानना है कि खेल के सबसे छोटे फॉर्मेट में दोनों बल्लेबाजों के दिन अब गिने चुने रह गए हैं। वहीं नवजोत सिंह सिद्धू ने पीटीआई से कहा कि, टी20 वर्ल्ड कप 2024 में विराट कोहली और रोहित शर्मा की जरूरत होगी। ये क्रिकेट की दुनिया के दिग्गज हैं। इनकी फॉर्म सुबह की ओस की तरह है, ये आपसे दूर हो सकते हैं लेकिन ये लोगों को प्रभावित भी करते हैं। इस साल जनवरी में एक साल से ज्यादा के अंतराल के बाद कोहली और रोहित की भारतीय टीम में वापसी हुई है। दोनों बल्लेबाजों ने आखिरी बार 2022 टी20 वर्ल्ड कप खेला था और 2023 में एक भी टी20 मैच नहीं खेला था। जिस तरह से 2023 में चीजें सामने आई हैं इस बात की ज्यादा संभावना थी कि उनमें से कोई भी फिर से टी20 मैच नहीं खेलेगा। लेकिन, इन दोनों ने 2023 वनडे वर्ल्ड कप में बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन किया और जनवरी में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू सीरीज के लिए वापस बुला लिया गया।



# आईपीएल में पर्पल कैप विनर लिस्ट, इस भारतीय गेंदबाज ने सबसे ज्यादा बार अपने नाम की

दुनिया की सबसे महंगी लीग आईपीएल की शुरुआत साल 2008 में हुई थी। आईपीएल के अब तक के सभी सीजन में देशी और विदेशी खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पर्पल कैप अपने नाम की है। बता दें कि, जो भी खिलाड़ी किसी सीजन में गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन करता है और सबसे ज्यादा विकेट अपने नाम करता है उसे ही पर्पल कैप से नवाजा जाता है। 22 मार्च से आईपीएल के 17वें सीजन का आगाज होने जा रहा है। बीसीसीआई ने इंडियन प्रीमियर लीग के इस सीजन की तैयारियां पूरी कर ली हैं। मैन वेन्यू फिक्स हो गए हैं। वहीं, खिलाड़ी भी अपनी–अपनी फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ गए हैं। हम अपनी इस रिपोर्ट में आईपीएल इतिहास के सभी सीजन में अपनी गेंदबाजी से बल्लेबाजों को परेशान करने वाले गेंदबाजों के बारे में बताएंगे, जिन्होंने हर सीजन में कई विकेट अपने नाम कर पर्पल कैप जीतने में कामयाबी हासिल की है। बता दें कि, दुनिया की सबसे महंगी लीग की शुरुआत साल 2008 में हुई थी। आईपीएल के अब तक के सभी सीजन में देशी और विदेशी खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पर्पल कैप अपने नाम की है। बता दें कि, जो भी खिलाड़ी किसी सीजन में गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन करता है और सबसे ज्यादा विकेट अपने नाम करता है उसे ही पर्पल कैप से नवाजा जाता है। पर्पल कैप जीतने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में सबसे पहला नाम पाकिस्तान के खिलाड़ी सोहैल तनवीर का है जो आईपीएल के पहले सीजन यानी 2008 में स्टार गेंदबाज उभरे थे। बाएं हाथ के इस गेंदबाज ने राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए उस सीजन सबसे ज्यादा 22 विकेट अपने नाम किए। इस प्रदर्शन के बल पर उन्हें पर्पल कैप दी गई।अब तक इन खिलाड़ियों ने जीती पर्पल कैप

सीजन टीम प्लेयर्स विकेट
2023 गुजरात टाइटंस मोहम्मद शमी 28
2022 राजस्थान रॉयल्स युजवेंद्र चहल 27
2021 रॉयल चौलेंजर्स बैंगलुरू हर्षल पटेल 32
2020 डेक्कन चार्जेस कगिसो रबाडा 30
2019 चेन्नई सुपर किंग्स इमरान ताहिर 26
2018प्प्ल के इन 16 सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ियों ने 4 बार, डेक्कन चार्जेस के खिलाड़ियों ने 3 बार, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाड़ियों ने 2 बार, राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ियों ने 2 बार पर्पल कैप पर कब्जा जमाया। सबसे पहला कैप पाकिस्तानी खिलाड़ी सोहैल तनवीर को मिला। उन्होंने सीजन 2008 में धमाकेदार गेंदबाजी कर 22 विकेट लिए थे।

# कोहली ने भारत के लिए जो किया...विराट कोहली से तुलना पर बोली स्मृति मंधाना

आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना का मानना है कि उनकी टीम की महिला प्रीमियर लीग (च्स्) में खिताबी जीत के संदर्भ में विराट कोहली की बेंगलुरु फ्रेंचाइजी के लिए हासिल की गई उपलब्धियों को कम करके आंकना गलत होगा। मंधाना की अगुवाई में आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र में ही चौंपियन बनने का गौरव हासिल किया। रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की कप्तान स्मृति मंधाना का मानना है कि उनकी टीम की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में खिताबी जीत के संदर्भ में विराट कोहली की बेंगलुरु फ्रेंचाइजी के लिए हासिल की गई उपलब्धियों को कम करके आंकना गलत होगा। मंधाना की अगुवाई में आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र में ही चौंपियन बनने



का गौरव हासिल किया जबकि उसकी पुरुष टीम पिछले 16 वर्षों में आईपीएल का खिताब जीतने में नाकाम रही। इस दौरान लगभग एक दशक तक कोहली टीम के कप्तान रहे। मंधाना ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा,''खिताब अलग चीज है लेकिन उन्होंने (कोहली) देश के लिए जो हासिल किया है वह उल्लेखनीय है। इसलिए मैं अभी करियर के जिस मोड़ पर हूं और उन्होंने जो कुछ हासिल किया है, उसे देखते हुए मुझे नहीं लगता की तुलना करना सही है।'' उन्होंने कहा,''मैं तुलना करना इसलिए सही नहीं मानती क्योंकि उन्होंने जो हासिल किया है उसका कोई सानी नहीं है। वह प्रेरणादायी व्यक्ति रहे हैं। एक खिताब कई चीजों को परिभाषित नहीं करता है। हम सभी उनका सम्मान करते हैं।'' मंधाना और कोहली दोनों 18 नंबर की जर्सी पहनते हैं और बाएं हाथ की बल्लेबाज ने कहा कि इस आधार पर दोनों के बीच तुलना करना सही नहीं है। उन्होंने कहा, ''मैं इसे 18 नंबर की जर्सी की तुलना नहीं कहूंगी। जर्सी नंबर केवल व्यक्तिगत पसंद होती है। मेरे जन्मदिन की तारीख 18 है और मेरा जर्सी नंबर 18 है। इससे इस बात का पता नहीं चलता है कि वह कैसे खेलते हैं और मैं कैसे खेलती हूं। वह कई मायनों में हमारे लिए प्रेरणादायक हैं इसलिए मैं यह नहीं कहूंगी कि खिताब से किसी चीज को परिभाषित करना चाहिए।

# आस्ट्रेलिया ने की अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज स्थगित, जानें क्यों?

क्रिकेट ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान में महिलाओं की खराब स्थिति का हवाला देते हुए टी20 सीरीज स्थगित कर दी। बता दें कि, इस साल अगस्त में ऑस्ट्रेलिया को अफगानिस्तान की पुरुष टीम के खिलाफ तीन टी20 मैच की घरेलू सीरीज खेलनी थी। ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान में महिलाओं की खराब स्थिति का हवाला देते हुए इस साल अगस्त में अफगानिस्तान की पुरुष टीम के खिलाफ होने वाली तीन टी20 मैच की घरेलू सीरीज स्थगित कर दी है। तालिबान ने अफगानिस्तान में सत्ता में लौटने के बाद लड़कियों के स्कूल और कॉलेज जाने पर रोक लगा दी। यही नहीं उसने महिला सहायता कर्मचारियों को काम करने से रोक दिया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का आगामी सीरीज स्थगित करने का मतलब है कि उसने अफगानिस्तान को लेकर अपना कड़ा रवैया जारी रखा है। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले नवंबर 2021 में होबार्ट में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच को भी रद्द कर दिया था। इसके बाद उसने संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली तीन मैच की वनडे सीरीज भी स्थगित कर दी थी।क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बयान में कहा,''पिछले 12 महीनों में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान की स्थिति को लेकर ऑस्ट्रेलिया की सरकार के साथ परामर्श जारी रखा था। सरकार ने सलाह दी है

# आईपीएल 2024 के लिए रायल चौलेंजर्स बैंगलोर की नई जर्सी, तस्वीरें हो रही वायरल

आरसीबी की नई जर्सी लीक हो गई है। विराट कोहली नई जर्सी में नजर आ रहे हैं। जिसके



बाद उनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। आईपीएल 2024 का पहला मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स बनाम आरसीबी के बीच शाम 8 बजे से 22 मार्च को खेला जाएगा। दोनों ही टीमें मैच से पहले जमकर अभ्यास कर रही हैं। आईपीएल का 17वां सीजन शुरू होने में महज तीन दिन का समय शेष है। वहीं, आरसीबी की नई जर्सी लीक हो गई है। विराट कोहली नई जर्सी में नजर आ रहे हैं। जिसके बाद उनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। बता दें कि, आईपीएल 2024 का पहला मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स बनाम आरसीबी के बीच शाम 8 बजे से 22 मार्च को खेला जाएगा। दोनों ही टीमें मैच से पहले जमकर अभ्यास कर रही हैं। आरसीबी की नई जर्सी, नए मैनेजर और नए एंबेसडर का ऐलान किया जा सकता है। इस इवेंट में आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस के अलावा विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल, दिनेश कार्तिक और टीम के अन्य सदस्य होंगे।

# पीसीबी का बयान, कहा– चौंपियंस ट्राफी के पाकिस्तान के बाहर आयोजन के बारे में नहीं सोच रहे

पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि वह अगले साल होने वाली इस प्रतियोगिता के देश से बाहर आयोजन के बारे में नहीं सोच रहे हैं। नकवी ने पुष्टि की कि उन्होंने पिछले सप्ताह दुबई में आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की बैठक के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह से बात की थी। चौंपियंस ट्रॉफी में भारत की भागीदारी को लेकर चल रही अटकलों के बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि वह अगले साल होने वाली इस प्रतियोगिता के देश से बाहर आयोजन के बारे में नहीं सोच रहे हैं। पाकिस्तान सुपर लीग के फाइनल के दौरान सोमवार की रात को संवाददाताओं से बात करते हुए नकवी ने पुष्टि की कि उन्होंने पिछले सप्ताह दुबई में आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की बैठक के



दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह से बात की थी। नकवी ने कहा,''हां हमने थोड़ी देर के लिए बातचीत की थी लेकिन उसका ब्योरा देना बुद्धिमानी पूर्ण नहीं होगा।''नकवी से पूछा गया कि अगर भारतीय टीम पाकिस्तान का दौरा नहीं करती है तो क्या यह टूर्नामेंट किसी अन्य देश में आयोजित किया जाएगा, उन्होंने कहा,''मैं अभी टूर्नामेंट को किसी अन्य देश में आयोजित करने के बारे में सोच भी नहीं रहा हूं। हमें पूरा विश्वास है कि हम पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पाकिस्तान में चौंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेंगे।'' आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने हाल में पीटीआई से कहा था कि वह भारत को पाकिस्तान का दौरा नहीं करने की सरकारी नीति का उल्लंघन करने के लिए नहीं कहेगा।नकवी ने इसके साथ ही कहा कि पीसीबी प्रतियोगिता के करीब आने पर किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने इसके अलावा कहा कि कराची, लाहौर और रावलपिंडी के स्टेडियमों का नवीनीकरण किया जाएगा। इन स्थानों पर चौंपियंस ट्रॉफी के अधिकतर मैचों का आयोजन किया जाएगा।

# गर्मियों में महिलाओं को एक दिन में कितना पानी पीना चाहिए और क्यों?

इंसान के शरीर का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा पानी से बना हुआ है. इस बात से हम अंदाजा लगा सकते हैं कि एक इंसान की जिंदगी में पानी का क्या महत्व है. डॉक्टर्स भी सलाह देते हैं कि जितना हो सके पानी पीजिए. खासकर गर्मियों में तो खूब पानी पीजिए. क्योंकि गर्मियों में अक्सर लोग डिहाइड्रेशन का शिकार हो जाते हैं.

पानी पीने से शरीर को कई सारे फायदे मिलते हैं. कई रिसर्च साफतौर पर यह बात कहती है कि एक इंसान को हर रोज 3 लीटर पानी पीना चाहिए. पानी पीने से शरीर से जुड़ी समस्या दूर हो जाती है. आज हम बात करेंगे कि एक महिला को खासकर गर्मियों में कितना लीटर पानी पीना चाहिए?

खासकर भारतीय महिला पानी कम पीती हैं. जिसके कारण उन्हें गैस, एसिडिटी और कब्ज की शिकायत होती है. आज हम उन्हीं



सब मुद्दों पर बात करेंगे. साथ ही बात करेंगे शरीर को एक्टिव और ठीक ढंग से काम करे इसके लिए पानी की क्या भूमिका है?

एक दिन में कितना पानी पीना चाहिए?

कई रिसर्च में इस बात का खुलासा किया गया है कि एक वयस्क इंसान को रोजाना 2.7 लीटर पानी पीना चाहिए. ऐसा करने से उन्हें स्वास्थ्य संबंधी शिकायते नहीं होती है. अगर वह ऐसा नहीं करेंगे तो डिहाइड्रेशन का शिकार हो सकते हैं. एक दिन में कम से कम 7–8 ग्लास पानी पीना बेहद जरूरी है.

गर्मियों में एक दिन में महिला को पीना चाहिए इतना पानी

हालांकि हर इंसान के शरीर में पानी की जरूरत अलग–अलग हो सकती है. पोषण और आहार विज्ञान अकादमी के मुताबिक सेहतमंद महिलाओं को लगभग हर रोज 6 ग्लास पानी पीना चाहिए. वहीं पुरुषों को लगभग 7–8 गिलास पानी पीना चाहिए.

शरीर के हिसाब से पिएं पानी

एक इंसान को कितना पानी पीना चाहिए यह पूरी तरह से उसके शरीर और काम पर निर्भर करता है. अगर कोई व्यक्ति पूरे दिन धूप में काम कर रहा है तो उसके शरीर में पानी की खपत ज्यादा होगी. वहीं कोई व्यक्ति वर्क फ्रॉम होम या एसी में बैठकर काम करता है तो उसके शरीर में पानी खपत अलग होगी. इसलिए अपने शरीर के जरूरत के हिसाब से पानी पिएं.

# थ्रेडिंग से पहले जान लें ये बातें, वरना बिगड़ सकता है आईब्रो का शेप

हर किसी के चेहरे पर अलग तरह की आईब्रोज की सेप अच्छी लगती हैं. किसी को मोटी आईब्रोज पसंद हैं, तो किसी को पतली. अगर आईब्रोज चेहरे के हिसाब से सही नहीं हैं, तो ये आपके लुक को खराब भी कर सकती हैं. इसलिए आईब्रोज को सही शेप देना बहुत जरूरी है. चेहरे की बनावट के अनुसार आईब्रोज की शेप तय करना चाहिए. अगर आप भी अपनी आईब्रोज को परफेक्ट शेप देना चाहते हैं, तो ब्यूटी पार्लर जाने से पहले कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखें. आइए जानते हैं कि ये जरूरी बातें क्या हैं.

लंबे चेहरे के लिए

अगर आपका चेहरा लंबा है, तो सीधी और लंबी आईब्रोज आपके लिए बेहतरीन चुनाव होगी. यह शेप आपके चेहरे की लंबाई को ऑप्टिकली कम करके दिखाती है, जिससे आपका चेहरा अधिक संतुलित और आकर्षक लगता है.

गोल चेहरे के लिए

अगर आपका चेहरा गोल है, तो आपके लिए थोड़ी ऊंची और धनुषाकार आईब्रोज परफेक्ट चॉइस हैं. इस तरह की आईब्रोज आपके चेहरे को



निखार देगी.

अंडाकार चेहरे के लिए अंडाकार चेहरा, जिसे आदर्श चेहरे का आकार कहा जाता है, पर सभी प्रकार की आईब्रोज खूबसूरती से फबती हैं. चाहे आपकी आईब्रो सीधी हो, धनुषाकार या गोलाकार, हर स्टाइल इस चेहरे की खूबसूरती को और भी बढ़ा देती है. चौकोर चेहरे के लिए चौकोर चेहरे वालों के जबड़े मजबूत और माथा चौड़ा होता है. ऐसे चेहरों पर गोल या धनुषाकार आईब्रोज खूब जचती हैं. ये आईब्रोज चेहरे की मजबूती को थोड़ा हल्का दिखाकर चेहरे को नरम और आकर्षक बनाती हैं. धनुषाकार या गोल आईब्रोज से चेहरे का कठोर लुक कम होता है और चेहरे पर एक संतुलित, मीठी मुस्कान आ जाती है, जिससे आपका पूरा लुक और भी सुंदर लगने लगता है.

# चुलबुल पांडे बनकर वापस आ रहे हैं सलमान खान! अरबाज खान ने दबंग 4 पर लगाई मुहर

एक बार फिर बड़े पर्दे पर चुलबुल पांडे धमाले मचाने के लिए तैयार हैं. सलमान खान की दबंग फ्रैंचाइजी के चौथे पार्ट को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है, जिसे सुनकर फैंस खुशी से झूम उठेंगे. खबरें हैं कि बहुत सलमना खान अब जल्द ही दबंग 4 लेकर आने वाले हैं. इस बात की पुष्टि अभिनेता और निर्माता अरबाज खान ने की है. अरबाज ने दबंग 4 को हरी झंडी दिखा दी है. उन्होंने कहा कि इस वक्त मैं और सलमान दोनों ही अपने–अपने प्रोजेक्ट्स में बिजी चल रहे हैं. लेकिन सलमान खान एक बार फिर चुलबुल पांडे का किरदार निभाना चाहते हैं. सही समय आने पर हम फिल्म की घोषणा करेंगे और फिर शूटिंग शुरू होगी.बता दें कि बीते दिनों खबरें आईं थी कि सलमान और अरबाज दबंग 4 के सिलसिले में जवान के निर्देशक एटली से मिले थे. वहीं अब बातचीत के दौरान अरबाज ने इन खबरों को सिरे से नकार दिया है. उन्होंने कि मैं एटली से कभी नहीं मिला हूं. जब तब मैं आगे से किसी बात की पुष्टि ना करूं, किसी को भी इन अफवाहों पर यकीन नहीं करना चाहिए. बता दें कि दबंग 3 बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी. लेकिन फैंस फिर भी दबंग 4 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. दर्शकों को एक बार फिर से पर्दे पर चुलबुल पांडे को देखना है.वहीं सलमान खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो सुपरस्टार ने हाल ही में अपनी नई फिल्म का ऐलान किया है. उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया है कि वे साउथ के मशहूर डायरेक्टर ए. आर. मुरुगदौस और साजिद नाडियाडवाला के साथ ईद पर एक फिल्म लेकर आने वाले हैं. बता दें कि ए. आर. मुरुगदौस ने आमिर खान की फिल्म गजनी डायरेक्ट की थी. सलमान खान ने फिल्म का टाइटल तो रिवील नहीं किया, लेकिन खबरें आ रही हैं कि भाईजान अपने सुपरहिट फिल्म किक का अगला पार्ट लेकर आने वाले हैं. इस सुपरस्टार के खाते में और भी कई फिल्में हैं. पिछले लंबे समय से सुपरस्टार अपनी फिल्म द बुल को लेकर चर्चा में बने हुए हैं. इसके अलावा सलमान टाइगर वर्सेस पठान, बजरंगी भाईजान 2 और शेर खान में भी नजर आने वाले हैं.



# शैतान ने ली 100 करोड़ क्लब में एंट्री, अजय देवगन ने तोड़ा अपनी हिट फिल्मों का रिकार्ड

शैतान का बॉक्स ऑफिस पर दबदबा अब भी कायम है. रिलीज के 10 दिनों बाद भी अजय देवगन और आर माधवन स्टारर फिल्म थिएटर्स में अपना जलवा दिखा रही है और धांसू कमाई कर रही है. फिल्म का कलेक्शन हाल ही में रिलीज हुई फिल्मों योद्धा और बस्तररू द नक्सल स्टोरी को मात दे रही है. फिल्म ना सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर बल्कि दुनिया भर में अच्छा बिजनेस कर रही है.10 दिनों के कलेक्शन के साश शैतान घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ क्लब का हिस्सा बन गई है. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक सेकेंड संडे को फिल्म को बहुत फायदा हुआ है और फिल्म ने अब तक 9.75 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है. इसी के साथ अजय देवगन स्टारर एक्शन–थ्रिलर फिल्म शैतान का टोटल कलेक्शन 103. 05 करोड़ रुपए हो गया है. शैतान ने 100 करोड़ क्लब में एंट्री लेकर अजय देवगन की कई हिट फिल्मों के लाइफटाइम कलेक्शन को मात दे दी है. फिल्म ने एक्टर की साल 2011 में रिलीज हुई हिट फिल्म सिंघम का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. सिंघम ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल 102.94 करोड़ रुपए का कारोबार किया था. शैतान ने बोल बच्चन को भी शिकस्त दे दी है. बोल बच्चन साल 2012 में रिलीज हुई थी और पर्दे पर हिट रही थी. फिल्म का लाइफटाइम कलेक्शन 102.94 करोड़ रुपए रहा था.इसके अलावा अजय देवगन की शैतान ने शिवाय को भी पछाड़ दिया है. साल 2016 में आई इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100.33 करोड़ रुपए की कमाई की थी और एवरेज साबित हुई थी.शैतान ने 100 करोड़ क्लब में एंट्री लेकर अजय देवगन की कई हिट फिल्मों के लाइफटाइम कलेक्शन को मात दे दी है. फिल्म ने एक्टर की साल 2011 में रिलीज हुई हिट फिल्म सिंघम का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. सिंघम ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल 102.94 करोड़ रुपए का कारोबार किया था. शैतान ने बोल बच्चन को भी शिकस्त दे दी है. बोल बच्चन साल 2012 में रिलीज हुई थी और पर्दे पर हिट रही थी. फिल्म का लाइफटाइम कलेक्शन 102. 94 करोड़ रुपए रहा था. शैतान दुनिया भर में अच्छी कमाई करने में कामयाब रही है. फिल्म बहुत पहले ही वर्ल्डवाइड 100 करोड़ क्लब में शामिल हो गई थी. वहीं 9 दिनों में फिल्म ने 133 करोड़ का कारोबार किया है.



# अजय देवगन की फिल्म मैदान का पहला गाना मिर्जा जारी, 11 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म

अजय देवगन आजकल अपनी हालिया रिलीज फिल्म शैतान को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर खूब नोट छाप रही है।दर्शक अजय की आगामी फिल्म मैदान का भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिसका ट्रेलर 7 मार्च को रिलीज किया गया था।अब अजय ने मैदान का पहला गाना मिर्जा जारी कर दिया है, जिसे ऋचा शर्मा और जावेद अली ने मिलकर गाया है।इस गाने के बोले मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं।

मैदान 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके निर्देशन की कमान अमित शर्मा ने संभाली है तो वहीं बोनी कपूर इस फिल्म के निर्माता हैं।फिल्म की कहानी अमन राय और अतुल शाही ने लिखी है।मैदान की कहानी फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम पर आधारित है, जिनके मार्गदर्शन में भारतीय फुटबॉल टीम ने 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में जीत हासिल की थी। इस दौर को भारतीय फुटबॉल का स्वर्ण युग कहा जाता है। फिल्म मैदान अजय देवगन के लिए बेहद खास है। बॉलीवुड डायरेक्टर अमित शर्मा हैं, जो इससे पहले आयुष्मान खुराना की बधाई हो और अर्जुन कपूर की तेवर जैसी फिल्में बना चुके हैं। इस बार अमित ने स्पोर्ट्स ड्रामा पर दांव खेला है।

इस फिल्म में अजय देवगन पूर्व भारतीय फुटबॉलर और कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका में नजर आने वाले हैं। उनके साथ इस फिल्म में जवान फेम एक्ट्रेस प्रियामणि भी लीड रोल में दिखाई देंगी। कुल मिलाकर कहा जाए तो मैदान का ये ट्रेलर काफी शानदार है



# धनुष, नागार्जुन, शेखर कम्मुला के डीएनएस शीर्षक से उठा पर्दा, फिल्म कुबेर से फर्स्ट लुक पोस्टर भी जारी

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक शेखर कम्मुला भारतीय सिनेमा के दो बड़े सितारों– राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता धनुष और किंग नागार्जुन अक्किनेनी के साथ अपना महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट डीएनएस बना रहे हैं। महा शिवरात्रि के शुभ अवसर पर, निर्माताओं ने फिल्म के शीर्षक का अनावरण किया और फर्स्ट लुक पोस्टर भी जारी किया। फिल्म का नाम कुबेर है जो सबसे अमीर देवता का नाम है।

धनुष का फर्स्ट लुक टाइटल से काफी अलग है। पृष्ठभूमि में भगवान शिव को देवी अन्नपूर्णा से भिक्षा लेते हुए दिखाया गया है, जबकि हम धनुष को छवि के सामने खड़े हुए देखते हैं, एक बहुत ही गंदे अवतार में और फटे कपड़ों के साथ। मोशन पोस्टर रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद के धमाकेदार स्कोर के साथ आध्यात्मिक भावनाओं से भरपूर है।शेखर कम्मुला ने हमें फर्स्ट लुक पोस्टर से आकर्षित किया है, जो शीर्षक के विपरीत धनुष के चरित्र को प्रस्तुत करता है। इससे फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ती है और धनुष इसमें किस तरह की भूमिका निभा रहे हैं। फैंस नागार्जुन के किरदार के बारे में भी जानने के लिए उत्सुक हैं। लेकिन, फिल्म में नागार्जुन के किरदार पर अपडेट के लिए उन्हें कुछ और समय इंतजार करना होगा। फिल्म में प्रमुख महिला के रूप में रश्मिका मंदाना भी हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीतकार रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद ने संगीत दिया है, जबकि निकेथ बोम्मी सिनेमैटोग्राफी संभालते हैं। रामकृष्ण सब्बानी और मोनिका निगोत्रे प्रोडक्शन डिजाइनर हैं। सुनील नारंग और पुस्कुर राम मोहन राव, एमिगोस क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से, अपने बैनर श्री वेंकटेश्वर सिनेमाज एलएलपी (ए यूनिट ऑफ एशियन ग्रुप) के तहत फिल्म का निर्माण कर रहे हैं।



# बाक्स आफिस पर सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा की कमाई में इजाफा, तीसरे दिन भी किया शानदार कारोबार

सागर अम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी फिल्म योद्धा को बीते शुक्रवार यानी 15 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इसमें दिग्गज अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा मुख्य भूमिका में हैं, जिन्होंने एक बार फिर अपनी उम्दा अदाकारी का लोहा मनवाया है।बेशक योद्धा ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन कुछ खास कमाल नहीं दिखाया, लेकिन वीकेंड पर फिल्म ने लंबी छलांग लगाई है।अब योद्धा की कमाई के तीसरे दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, योद्धा ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन यानी रविवार को 7 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।फिल्म ने 4.1 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी। दूसरे दिन फिल्म की कमाई में उछाल आया और यह 5.75 करोड़ रुपये समेटने में सफल रही।इसी के साथ अब फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 16.85 करोड़ रुपये हो गया है। योद्धा में सिद्धार्थ की जोड़ी अभिनेत्री राशि खन्ना के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जा रहा है। दिशा पाटनी भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं।करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं। यह धर्मा प्रोडक्शंस की पहली एरियल एक्शन फ्रैंचाइजी है।योद्धा सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी।फिल्म का प्रीमियर मई की शुरुआत तक किया जा सकता है। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।



# बाक्स आफिस पर अदा शर्मा की बस्तर की कमाई में मामूली बढ़त

फिल्म द केरल स्टोरी की अपार सफलता के बाद दर्शकों के नजरें अदा शर्मा की अगली फिल्म बस्तररू द नक्सल स्टोरी पर टिकी हुई थीं, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।टिकट खिड़की पर बस्तर दर्शकों के लिए तरसती नजर आ रही है। फिल्म की कमाई शुरुआत से लाखों में सिमटी हुई है।अब बस्तर की कमाई के तीसरे दिन का आंकड़े सामने आ चुके हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, बस्तर ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन यानी रविवार को 90 लाख रुपये का कारोबार है।फिल्म ने महज 40 लाख रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी। दूसरे दिन फिल्म ने रफ्तार पकड़ी और इसने 75 लाख रुपये कमाए।इसी के साथ अब बस्तर का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 2.05 करोड़ रुपये हो गया है।बॉक्स ऑफिस पर बस्तर का मुकाबला योद्धा और शैतान से हो रहा है। बस्तर में अदा ने आईपीएस अफसर नीरजा माधवन का किरदार निभाया है, जो बस्तर में फैले नक्सलवाद को हर हाल में खत्म करने की जिम्मेदारी उठाती है।फिल्म में इंदिरा तिवारी और विजय कृष्ण जैसे दिग्गज सितारे भी हैं।फिल्म का निर्देशन सुदिप्तो सेन ने किया है। विपुल शाह फिल्म के हैं। बस्तर के लिए फिर से द केरल स्टोरी की टीम साथ आई है।सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद बस्तर ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दस्तक दे सकती है।



# मैं केट मास की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं–डायना पेंटी



बॉलीवुड अभिनेत्री डायना पेंटी ने इस बारे में बात की है कि कैसे वह हॉलीवुड स्टार केट मॉस और उनके ठाठ–बाट वाले फैशन की प्रशंसक हैं।

एक मॉडल के रूप में अपना करियर शुरू करने वाली डायना ने डिजाइनर जोड़ी चारू और वसुंधरा के लिए लैक्मे फैशन वीक एक्स एफडीसीआई में शोस्टॉपर के रूप में रैंप वॉक किया।उस फैशन आइकन के बारे में बात करते हुए, जिसे वह पसंद करती हैं, डायना ने कहा, मैं केट मॉस की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। मुझे लगता है कि वह बेहद आकर्षक और सहज हैं और उनमें यह बोहो वाइब चल रहा है।वह बहुत हॉट हैं। मुझे नहीं पता कि मैं स्क्रीन पर उनका किरदार निभा पाऊंगा या नहीं, लेकिन मैं उनका बहुत बड़ा प्रशंसक हूं।

इसके बाद डायना ने अपनी फैशन संवेदनशीलता के बारे में बात की और इसे न्यूनतम, सहज, आसान आरामदायक और आकर्षक बताया।उन्होंने आगे कहा, यही मेरी भावना है। मेरे लिए आराम ही सब कुछ है। मैं उसी के अनुसार कपड़े पहनती हूं ताकि मैं अपने दिन के दौरान बेहद शांत, सहज और आरामदायक रह सकूं।

अभिनेत्री जल्द ही फिल्म सेक्शन 84 में सिने आइकन अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी, जिसका निर्देशन रिभु दासगुप्ता ने किया है, जिन्होंने इससे पहले 2014 में अमिताभ बच्चन को युद्ध और 2015 में टीई3एन में निर्देशित किया था।

# याशिका आनंद ने सोशल मीडिया पर शेयर कीं दिलकश तस्वीरें, एक्ट्रेस की हाटनेस देख फैंस हुए दीवाने

अभिनेत्री याशिका आनंद सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर कर फैंस को दीवाना बना लेती हैं. हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें देखकर उनके फैंस मदहोश हो गए हैं. इन तस्वीरों में याशिका आनंद लाइट मेकअप, रेड लिपस्टिक और खुले बालों के साथ बेहद खूबसूरत लग रही हैं. वह तस्वीरों में अलग–अलग पोज दे रही हैं और उनका ये अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा है. तस्वीरों को शेयर करते ही याशिका के फैंस ने कमेंट्स की झड़ी लगा दी है. कोई उन्हें उनकी खूबसूरती की तारीफ कर रहा है, तो कोई हार्ट और फायर इमोजी भेजकर अपना प्यार जता रहा है.याशिका आनंद एक भारतीय एक्ट्रेस और मॉडल हैं जो मुख्य रूप से तमिल फिल्मों और टेलीविजन शो में काम करती हैं. उनके अभिनय के तो ज्यादा चर्चे नहीं लेकिन अपनी बोल्ड पिक्चर्स से जरूर वे आए दिन ही लोगों का अटेंशन लेती हैं।



# साउथ एक्ट्रेस अरुंधति नायर सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुईं,

तमिल और मलयालम फिल्म अभिनेत्री अरुंधति नायर केरल में दुर्घटना का शिकार होने के बाद वेंटिलेटर पर हैं। एक्ट्रेस की बहन अराथी ने इस खबर की पुष्टि की। अरुंधति एक यूट्यूब चौनल को इंटरव्यू देने के बाद घर जा रही थीं। हादसे के वक्त वह अपने भाई के साथ बाइक पर थी। तमिल और मलयालम फिल्म अभिनेत्री अरुंधति नायर केरल में दुर्घटना का शिकार होने के बाद वेंटिलेटर पर हैं। कई रिपोर्टों में उनके दुर्घटना के बारे में विवरण होने का दावा करने के बाद एक्ट्रेस की बहन अराथी ने इस खबर की पुष्टि की। अराथी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दुर्घटना के बारे में एक बयान जारी किया और फैंस से उनके लिए प्रार्थना करने का आग्रह किया। बताया जा रहा है कि यह दुर्घटना कोवलम बाईपास पर हुई और अरुंधति को सिर में चोट आई है। वह अपने भाई के साथ यात्रा कर रही थी। "हमें तमिलनाडु के समाचार पत्रों और टेलीविजन चौनलों में रिपोर्ट की गई खबरों को स्पष्ट करने की आवश्यकता महसूस हुई।



यह सच है कि मेरी बहन अरुंधति नायर का तीन दिन पहले एक्सीडेंट हो गया था,श्श अराथी ने एक पोस्ट में कहा, ष्वह गंभीर रूप से घायल हैं और तिरुवनंतपुरम के अनंतपुरी अस्पताल में वेंटिलेटर पर अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रही हैं।ष अराथी ने पोस्ट को कैप्शन के साथ साझा किया, ष्हमें उसके जल्द स्वस्थ होने के लिए आपकी प्रार्थनाओं और समर्थन की आवश्यकता है। फैंस ने जल्द ही स्वस्थ ठीक होने के लिए प्रार्थना की कई सोशल मीडिया यूजर्स ने पोस्ट पर कमेंट्स किए, अरुंधति और परिवार के लिए अपनी प्रार्थनाएं भेजीं। एक टिप्पणी में लिखा गया, "जल्द ठीक हो जाओ।" अन्य ने लिखा "अय्यो यह देखकर बहुत दुख हुआ।

# गेंहू खरीद करने वाले बिचौलियों पर करें कार्यवाही– डीएम

## -100 कुंतल तक खरीद में नहीं होगा सत्यापन, ई-पॉप मशीन से इस बार होगी खरीद



चित्रकूट। डीएम अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में गेंहू खरीद से संबंधित कार्यशाला और तैयारियों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जनपद में 40 क्रय केन्द्र खोले गये है। जिसमें खाद्य विभाग के पांच, पीसीएफ के 31, मंडी समिति एक, भाखानि के तीन क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है। गेहूं खरीद एक मार्च से प्रारम्भ होकर 15 जून तक प्रभावी रहेगी। गेहूं क्रय केन्द्र प्रातः नौ से सायं छह बजे तक खुले रखे जायेंगे। कृषकों से न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रूपए प्रति क्विंटल के आधार पर गेहूं क्रय किया जायेगा। गेहूं क्रय का लक्ष्य 32 हजार एमटी निर्धारित किया गया है। डीएम ने सभी केन्द्र प्रभारियों को मानक के अनुसार गेहूं खरीदते समय साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारतीय खाद्य निगम में गेहूँ खरीद करते समय समस्या नहीं आनी चाहिए। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि इस बार किसानों से सौ कुंतल तक गेंहू बिना सत्यापन के खरीदा जाएगा। बंटाईदारों से भी गेंहू खरीद होगी। मोबाइल केंद्रों के माध्यम से गांवों में किसानों के घर से भी गेंहू खरीदा जाएगा। क्रय में एफपीओ, एफपीसी, पंजीकृत सोसायटी, मल्टी सेक्टोरल सोसायटी से भी खरीद करेंगें। डीएम ने केन्द्रों पर गेहूँ खरीद के लिए आवश्यक उपकरण इलेक्ट्रानिक कांटा, नमी मापक यंत्र, छन्ना, विनोइंग फैन आदि की व्यवस्था पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसका सत्यापन सभी उप जिलाधिकारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजपत्रित एवं रविवार अवकाशों को छोड़कर शेष कार्य दिवसों में गेहूं क्रय केन्द्र खुले रहेंगे। प्रत्येक गेहूं क्रय केन्द्र पर गेहूँ का एक मानक नमूना भी प्रदर्शित किया जाए। क्रय केन्द्रों पर किसानों के लिये पीने का पानी, बैठने की व्यवस्था, वाहन पार्किंग के लिये पर्याप्त स्थान सुनिश्चित रखें। वर्षा व प्राकृतिक आपदाओं से गेहूँ को बचाने के लिये तिरपाल, क्रेटस आदि की व्यवस्था कर ली जाए। जिससे गेहूँ खराब न होने पाये। मण्डी सचिव को सूचना उपलब्ध कराते हुए तत्काल खराब उपकरणों को ठीक कराया जाय। बैठक में बताया गया कि गेहूं की बिक्री के लिए कृषकों को खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। ई–पाप (इलेक्ट्रानिक प्वाइन्ट आफ परचेज) मशीन के माध्यम से गेहूं खरीद की जायेगी। ई–पाप से किसानों के बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण गेहूँ खरीद होगी। किसान के स्वयं उपस्थित न होने की दशा में पंजीकरण के समय प्रपत्र में दिये गये परिवार के सदस्य का बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण कराते हुये गेहूं क्रय किया जायेगा। किसानों को ई–पाप से प्राप्त गेहूं क्रय की पर्ची उपलब्ध करायी जायेगी। क्रय केन्द्रों पर अभिलेखों का रखरखाव टोकन पंजिका, निरीक्षण पंजिका, शिकायत पंजिका, रिजर्वेशन रजिस्टर, क्रय तकपट्टी, क्रय पंजिका, स्टाक रजिस्टर, बोरा रजिस्टर, टीसी डीसी मूवमेण्ट चालान आदि गेहूं क्रय केन्द्रों पर व्यवस्थित रखना सुनिश्चित कर लिया जाए। किन्ही विशिष्ट परिस्थितियों में कृषकों के लाए गए गेहूं यदि मानक के अनुरूप नहीं पाए जाते है तो अस्वीकृत किये जाने की प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल व रिजर्वेशन रजिस्टर में की जायेगी। डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि मंडी से जो गेहूं अवैध खरीद के लिए जाते हैं उनके खिलाफ कार्रवाई करें। जिससे बिचौलिए का खेल खत्म हो जाए। इस अवसर पर एडीएम उमेशचंद्र निगम, सदर एसडीएम सौरभ यादव, राजापुर एसडीएम प्रमोद कुमार झा, एसडीएम मऊ राकेश पाठक, जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, जिला कृषि अधिकारी, एलडीएम, मंडी सचिव, एआर कोआपरेटिव, जिला प्रबंधक पीसीएएफ, एफसीआई के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार तीन माह में ही सड़क पर हो गए गड्ढे

## -मानकविहीन बनाया गया नाला



राजापुर (चित्रकूट)। राष्ट्रीय राजमार्ग के ठेकेदार के भ्रष्टचार के चलते मानक के अनुरूप कार्य न कराने की शिकायत कस्बावासियों ने कई बार की, लेकिन कोई ठोस निदान नहीं हुआ। जबकि दो माह के अन्दर ही सड़क में बड़े गड्ढे दिखाई देने लगे हैं जो दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं।

गौरतलब हो कि राजापुर से 18 किमी तक रैपुरा प्रयागराज मार्ग में जोड़ने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के तहत निर्माण कार्य लगभग आठ माह से जारी है। जिसमें कस्बे के देवी जी तिराहे से नाँदिन कुर्मियान तक सड़क व नाले का निर्माण किया जा रहा है। कस्बे के सुभाषचंद्र अग्रवाल, शिवपूजन गुप्ता, शंकर दयाल जायसवाल, रमन मोदनवाल, सतीश मिश्रा, अनिल गुप्ता आदि ने राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में ठेकेदार के भ्रष्टाचार की शिकायत एसडीएम राजापुर प्रमोद झा से की थी। जिस पर उन्होंने स्थलीय निरीक्षण किया तो मानकविहीन कार्य मिला। इसी प्रकार एनएच 731 एजी राजापुर बाजपेयी तिराहे में नाले के समाप्ति बिन्दु पर आउटलेट का निर्धारण नहीं किया गया है। छीबों मार्ग पर पूर्व से नगर पंचायत के बनाए गए नाले पर कुछ ऊंचाई देकर पुराने नाले में मिला दिया गया हैं जो गुणवत्ताविहीन और मानक के विपरीत हैं। कहीं पर आज भी अधूरे नाले पड़े हैं। मनमानी ढंग से कार्य कराने के चलते नाले की उपयोगिता पूर्णतयः समाप्त हो गई है। वही जीरो पॉइंट पर देवी जी तिराहे के पास नवनिर्मित सड़क में बड़े गड्ढे हो जाने से दुर्घटना की संभावना बढ़ रही हैं। यहीं पर कंपोजिट विद्यालय राजापुर में लगभग तीन सौ बच्चों का आवागमन बना रहता हैं। इसी मार्ग में छीबो बाईपास रैपुरा तिराहे के समीप गड्ढे हो चुके हैं जो भ्रष्टाचार को दर्शाते हैं। करीब तीन माह पूर्व डीएम अभिषेक आनंद व एसडीएम प्रमोद झा ने शिकायतों के निस्तारण के लिए जांच की थी। जिस पर कहा गया था कि गुणवत्ता और मानक से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बावजूद इसके आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए मानकविहीन कार्य किया जा रहा हैं।

## प्राचीन ज्ञान को आधुनिक तकनीकि में समावेशित करने की जरूरत नीना

चित्रकूट। जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में मंगलवार को मनोविज्ञान विभाग एवं शिक्षा संकाय के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने किया।
संगोष्ठी में प्रो नीना कोहली ने तकनीक को शिक्षण अधिगम एवं पाठ्यक्रम से संबंधित कर शिक्षण अधिगम को सरल, रोचक बनाने के साथ ही प्राचीन ज्ञान के भंडार रामायण, महाभारत, श्रीमद् भागवत गीता, वेद पुराण, बाइबल, बौद्ध, जैन आदि में दिए ज्ञान को संचित, संरक्षित, संवर्धित, वैज्ञानिक ज्ञान व तकनीक को समावेशित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## ई–रिक्शा पलटने से पांच लोग घायल

चित्रकूट। सवारियों को लेकर जा रहा ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके चलते पांच लोग घायल हो गए। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां एक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। भरतकूप थाना क्षेत्र के घुरेटनपुर निवासी ई–रिक्शा चालक बेनी माधव (23) सोमवार की शाम को भरतकूप कस्बे से हरिहरपुर गांव सवारी बैठाकर जा रहा था। भरतकूप मंदिर के पास पहुंचा तो सामने से तेज रफ्तार आ रहे बाइक सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें हरिहपुर निवासी संगीता देवी (30), बच्ची देवी (34), सिलखोरी निवासी विजय कुमार (23), दुर्गा प्रसाद (34) व चालक बेनी माधव घायल हो गए। घायलों को राहगीरों की मदद से सीएचसी शिवरामपुर में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने चालक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## बुखार, पेट दर्द के सात मरीज भर्ती

चित्रकूट। मौसम में बदलाव के चलते जिला अस्पताल में खांसी, जुकाम, पेट दर्द व बुखार के मरीजों की संख्या जिला अस्पताल में बढ़ी है। मंगलवार को जिला अस्पताल में सात मरीज भर्ती हुए। ग्राम दरसेड़ा निवासी गोमती देवी (60), गौतमपुर निवासी चंद्रप्रकाश की 18 वर्षीय चुन्नी देवी, पुरानी बाजार पप्पू की तीन वर्षीय पुत्री सौम्या, भंभई निवासी कमल सिंह की दस वर्षीय पुत्री शिवानी, बछरन निवासी रामेश्वर प्रसाद (60), शोभा सिंह का पुरवा निवासी कलावती (60), रसिन निवासी जितेंद्र की दो वर्षीय पुत्री रूबी, घुरेटनपुर निवासी जागेश्वर (60) को खांसी, जुकाम, पेट दर्द व बुखार के चलते भर्ती कराया गया

## राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में प्रयागराज जनपद ने लक्ष्य का सौ फीसदी किया हासिल

प्रयागराज(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के हर जरूरतमंद नागरिक को उनकी जरूरत के अनुसार योगी सरकार सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर रही है। गरीब और निर्बल वर्ग को अपना मकान, बुजुर्गों को पेंशन, गरीब की बेटियों के हाथ पीले कराने से लेकर बच्चों को छात्रवृत्ति और निशुल्क कोचिंग जैसी सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को सरकार आगे बढ़ा रही है। प्रयागराज में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना भी इसी का हिस्सा है।

सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को आर्थिक रूप से सामाजिक आश्रय प्रदान करने में प्रदेश सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। प्रयागराज के डीएम नवनीत सिंह चहल के मुताबिक जिले में राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में सौ फीसदी का लक्ष्य हासिल किया गया है। जिले में 1 अप्रैल 2023 से 29 फरवरी 2024 तक 01 लाख से 60 हजार पात्र बुजुर्गों को इसका लाभ मिला है। इस योजना में जिले में 1 लाख 20 हजार 207 लोगों ने आवेदन किया था जिसमे 1 लाख 16 हजार 254 आवेदन अनुमोदित हुए है। राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना बुजुर्गों के लिए सबसे बड़ा सहारा हैं। इसकी पात्रता में 60 साल से अधिक आयु के ऐसे बुजुर्ग आते हैं जो अगर ग्रामीण क्षेत्र से हैं तो उनकी सालाना आय ₹46,080 से और अगर शहरी क्षेत्र से हों तो सालाना आय ₹56,460 से ज्यादा न हो।इस योजना के तहत सरकार ने पेंशन राशि को 500 से बढ़ाकर 1000 रूपये कर बड़ी राहत दी। अब इस राशि को बढ़ाकर 1500 प्रति माह करना प्रस्तावित है।

## सामाजिक सुरक्षा की अन्य योजनाओं में भी अव्वल

प्रयागराज(आरएनएस)। प्रयागराज जिले ने पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन में भी सौ फीसदी लक्ष्य हासिल किया है। समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा पांडेय के मुताबिक जिले में 1 अप्रैल 2023 से 29 फरवरी 2024 तक 1 लाख 54 महिलाओं ने आवेदन किया जिन्हे इसका लाभ दिया जा चुका है। जिले में राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना ने 1 अप्रैल 2023 से 29 फरवरी 2024 के दौरान 1,256 आवेदन आए जांच के बाद जिसमे 540 का अनुमोदन किया गया है।

## कुरआन पढ़ने से नाजिल होती है अल्लाह की रहमतरू इकरामुल

प्रयागराज(आरएनएस)। अल्लाह के नबी का फरमान है कि जिस शख्स के दिल में कुरआन का कुछ हिस्सा नहीं, वह शख्स वीरान घर की तरह है। इसलिए मुसलमानों के लिए जरूरी है कि वह खुद कसरत से कुरआन की तिलावत करे और अपनी संतान को कुरआन की तिलावत करने की ताकीद करें। कुरआन की जिस जगह तिलावत की जाती है, वहां अल्लाह की रहमत की बारिस होती है। यह बात सोमवार की देर रात हरवारा की लोहा शाह मजिस्द में कुरआन के मुकम्मसल होने पर मौलाना इकरामुल हक अजहरी ने अपने तकरीर में कही। उन्होंने कहा कि तरावीह की नमाज सुन्नते मुअक्केदा है, जो हर इंसान के लिए जरूरी है। जो रमजान का चांद देखकर शुरू होता है और ईद का चांद दिखने से पहले तक जारी रहता है। कुरआन के मुकम्मल होने के बाद भी तरावीह की नमाज पढ़ा जाना उतना ही जरूरी है जितना कि मुकम्मल होने से पहले था। तरावीह की नमाज के दौरान आठ दिन में हाफिज गुलाम हुसैन ने कुरआन मुकम्मल किया। मौलाना ने बताया कि मंगलवार को इसी मस्जिद में दूसरी बार कुरआन सुनाने का सिलसिला शुरू होगा, जो 27वें रोजे तक चलेगा। अपनी तकरीर में मौलाना इरफान अहमद ने कहा कि जो लोग आर्थिक रूप से संपन्न हैं, उनके लिए रमजान के महीने में फितरा देना जरूरी है। इस साल शहर के प्रत्येक व्यक्ति पर फितरा 62 रुपये और ग्रामीण इलाके में प्रत्येक व्यक्ति पर 56 रुपये निर्धारित किया गया है।

# चुनावी समर में कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी अहम गुप्ता

## -मानिकपुर विधानसभा में हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन




चित्रकूट। भाजपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में मऊ मानिकपुर विधानसभा मे कार्यकर्ता सम्मेलन लालता रोड मऊ मे सम्पन्न हुआ।

सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि लोकसभा प्रभारी बृजकिशोर गुप्ता ने कहा की चुनावी शंखनाद हो चुका है। चुनाव आयोग ने तारीखो की भी घोषणा कर दी है। अब कार्यकर्ताओ की जिम्मेदारी और बढ गयी है। सबको मिलकर भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी के समर्थन में जुटना है। घर–घर जाकर केन्द्र व प्रदेश सरकार के किये गये जनहित व राष्ट्रहित के कामो को बताएं। भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने कहा कि 10 वर्षो से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीबो के लिये समर्पित सरकार चल रही है। विपक्षी पार्टियो की भ्रष्टाचार की दुकाने पूरी तरह से बंद हो गयी है। इसके लिये सारी विपक्षी पार्टिया मिलकर मोदी जी को हटाने मे लगी है, लेकिन देश की जनता पूरी तरह साथ है। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि पीएम मोदी देश के ही नही दुनिया के नेता है। मोदी सरकार ने जो भी कहा उसको पूरा करने का भी काम किया है। 10 वर्ष की सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार मुक्त रही है। पूर्ववर्ती सरकारो मे रोजाना एक भ्रष्टाचार निकलता था। मऊ मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि भीमराव अम्बेडकर के नाम से लोगो ने पार्टियां बनाकर वोट हथियाए, सरकारें बनाई पर किसी ने भी दलित समाज के उत्थान और विकास के लिए काम नहीं किया। भाजपा की ही सरकार है जिसने पक्के मकान, बिजली कनेक्सन, सड़के, चूल्हे के धुआं से मुक्ति आदि योजनाओं से गरीबों को लाभान्वित किया। सम्मेलन मे मुख्य रुप से लोकसभा के सहसंयोजक शिवशंकर सिंह, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख अरविंद मिश्रा, गंगाधर मिश्रा, विनीत द्विवेदी, अमित द्विवेदी, अर्जुन शुक्ला, भागवत त्रिपाठी, राघवेन्द्र सिह, तीरथ तिवारी, श्यामनरायण शुक्ला, मोहनदास मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# फांसी पर लटकती मिली विवाहिता की लाश

## हत्या और आत्महत्या का आरोप को लेकर मायका व ससुरालियों बीच हुई जमकर तकरार

### मायके वालों ने मकान में लगा दी गई आग, आग लगने की बिल्डिंग में फंसे ससुर एवं सास की दर्दनाक मौत

प्रयागराज(आरएनएस)। मुट्ठीगंज के सत्ती चौरा पर देर रात उस समय भारी हंगामा, बवाल और आगजनी मच गई जब एक विवाहिता की मौत को लेकर मायका पक्ष से जुड़े लोगों ने जमकर हंगामा काटा। अभी शादी के एक महीना के ऊपर ही हुआ था कि एक विवाहिता का शव उसके कमरे के अंदर फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला। शव को देख परिजनों में कोहराम मच गया। मायके के लोगों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगा दी और कहासुनी करने लगे। बात आगे बढ़ी तो दोनों पक्षों के बीच जमकर तकरार शुरू हो गई।

बताते हैं कि बीते फरवरी माह यानी कि लगभग एक माह पूर्व झलवा की रहने वाली अंशिका केसरवानी की शादी मुट्ठीगंज में बड़ी धूमधाम के साथ परिजनों ने किया था। बताया जाता है कि लड़की पक्ष के लोगों ने लड़के पक्ष की मांग को भी पूरा किए थे। लड़की पक्ष का आरोप है कि सगाई के बाद से ही दहेज की मांग अतिरिक्त और की जाने लगी। जो उसे भी पूरा किया गया। सोमवार रात लगभग 10रू30 बजे के बाद लड़की पक्ष को ससुराल वालों के द्वारा सूचना दी गई कि उनकी लड़की अपने कमरे का दरवाजा दोपहर बाद लगभग 3रू00 बजे से ही बंद कर रखी है। मौके पर जब लड़की पक्ष से जुड़े कई लोग पहुंचे और किसी तरह दरवाजा खोल तो अंदर अंशिका केसरवानी शव मौजूद था। शव देख परिजनों में कोहराम मच गया। हत्या का आरोप लगाकर जमकर हंगामा होने लगा। मौके पर आसपास के रहने वाले लोगों की भीड़ जमा हो गई। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने बाहरी लोगों को भी मौके पर बुला लिए। जिससे बात और आगे बढ़ गई। इसी बीच किसी ने मकान के निचले हिस्से को आग के हवाले कर दिए। देखते ही देखते आग विकराल रूप ले लिया। मकान के अंदर ऊपरी तल पर कई लोग फंसे रहे। पुलिस मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के लिए कोशिश में जुट गई। पुलिस आग की लफ्टो के बीच फंसे कई लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं दूसरी ओर मायका पक्ष के लोगों ने पति पर आरोप लगाते हुए गिरफ्तारी की मांग को लेकर डटे रहे। हालांकि पुलिस मामले को समझाने बुझाने में जुटे रहे और प्रत्येक पहलुओं की जांच पड़ताल करने में लगे हुए हैं। आग लगने की बिल्डिंग में फंसे ससुर राजेंद्र केसरवानी एवं सास शोभा देवी की दर्दनाक मौत हो गई।

## छः साल के बच्चे ने रखा पहला रोजा

प्रयागराज(आरएनएस)। माही मुकद्दस रमजान में क्या बूढ़े क्या जवान सभी अल्लाह की इबादत में मसरूफ है। हा लॉ कि रोजा आसान नहीं है फिर भी खुदा की राह में रोजा रखने वालों में अब बच्चे भी आगे आने लगे हैं। ऐसा ही एक बच्चा 6 साल की उम्र में पहली बार रोजेदार हुआ।चकिया कसारी मसारी हम्माद काजिम उम्र केवल छरू साल में पहला रोजा रखा। हम्माद काजिम इंटरनेशनल स्कूल और कॉलेज सिविल लाइन प्रेप सी के स्टूडेंट है।

## गर्भवती को ससुरालीजनों ने पीटा

चित्रकूट। थाना राजापुर के माधवगंज मोहल्ले की पीड़िता निर्मला ने एसपी को सौपे गए पत्र में अवगत कराया कि उसके सास, देवर एवं अन्य ससुराली लोग मिलकर पशुवत व्यवहार कर मारापीटा। आरोप लगाया कि देवरानी ने उसके हाथ में काट लिया। सास और देवर ने मिलकर लाठी डंडे से मारापीटा। जिससे शरीर में गंभीर चोटे आई है। भुक्तभोगी ने सौपे गए पत्र में कहा कि वह गर्भवती है। मारपीट से उसके पेट में चोटे लगने से दर्द बना रहता है। डाक्टरों ने बताया कि मां और बच्चे को इससे खतरा हो सकता है। बताया कि घटना की सूचना थाना राजापुर में दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। फरियादी पत्र सौपने पुलिस कार्यालय पीड़िता पहुंची। सौपे गए पत्र में मांग की है कि ससुरालियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही कराई जाए।

## संस्कृत भाषा के महत्व पर की गई चर्चा

चित्रकूट। शहर के जयदेव दास वैष्णव संस्कृत महाविद्यालय में संस्कृत भाषा को लेकर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें वाल्मीकि रामायण में अयोध्या व चित्रकूट तीर्थ स्थल के महत्व को लेकर दूसरे दिन चर्चा की गई।कार्यक्रम में संस्कृत विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष विपिन विराट महराज ने कहा कि भगवान श्रीराम चित्रकूट में 11 वर्ष से अधिक समय तक रहे। जिसमें धर्मनगरी के ऋषियों से मिले। मंदाकिनी नदी के किनारे कुटिया बनाकर माता सीता के साथ रहते थे। इन स्थानों का महर्षि वाल्मीकि ने संस्कृत के श्लोकों के माध्यम से वर्णन किया है। डॉ. यीश नारायण द्विवेदी ने कहा कि महार्षि वाल्मीकि ने रामायण में अयोध्या कांड का विस्तार से वर्णन किया है। जिसमें महाराज दशरथ के जीवन सहित श्रीराम के बाल्य काल्य की कथा शामिल हैं। इस मौके पर जयदेव दास वैष्णव संस्कृत महाविद्यालय के प्रबंधक रमाशंकर महाराज, डॉ. पूर्णेंद्र मिश्रा, डॉ. रत्नेश द्विवेदी, पंकज पांडेय, विजय कुमार पयासी, डॉ. मनोज कुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे। विद्वतजनों ने सभी अतिथियों को माला व शाल पहनाकर सम्मानित किया।

## अपर एसपी ने परेड का किया निरीक्षण

चित्रकूट। अपर एसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस लाइन में मंगलवार को परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों की ड्रिल देखी। इसके बाद पुलिस लाइन का भ्रमण कर परिवहन शाखा, मैस, बैरिक, आरओ प्लांट, सीपीसी कैंटीन, क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन शिव नारायण को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तत्पश्चात कर्मचारीगणों को अर्दली रुम किया गया।

## 7 लोगों के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

चित्रकूट। एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने को अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में गुंडागर्दी करने वाले सात लोगों के खिलाफ मिनी गुंडा एक्ट की कार्यवाही की है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।